हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

पहला चरण : कुल राज्य : 21....102 सीटें...मप्र की 6 सीटें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पहले चरण की जानकारी दी

सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर बालाघाट व छिंदवाड़ा में आज मतदान

बालाघाट के लांजी, बैहर और परसवाड़ा में सुबह 7 से दोपहर बाद 4 बजे तक मतदान

एयर एंबुलेंस और हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी रहेगी

कुल 88 उम्मीदवार मैदान में पुरुष 81 और 7 महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- पहले चरण के मतदान छह लोकसभा क्षेत्र के लिए 47 विधानसभा क्षेत्रों में होना है, इन लोकसभा में 13 जिले शामिल

एक करोड़ 13 लाख 9 हजार 636		2651	संवेदनशील मतदान केंद्र
13588	कुल मतदान केंद्र	221	बल्नरेबल क्षेत्र

प्रथम चरण में 6 लोकसभा क्षेत्र की 47 विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान

दूसरे चरण में 6 लोकसभा क्षेत्र की 55 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान

तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्र की 72 विधानसभा क्षेत्रों में 7 मई को मतदान

चैथे चरण में 8 लोकसभा क्षेत्र की 64 विधानसभा क्षेत्रों में 13 मई को मतदान

मध्यप्रदेश में पहले चरण में 6 संसदीय क्षेत्रों में मतदान का आगाज शुक्रवार को होगा। सुबह 5.30 बजे से मॉक पोल होगा और सात बजे से वोटिंग शुरू होगी। मॉक पोल के दौरान उम्मीदवार और उनके अधिकृत एजेंट मौजूद रह सकेंगे। इस दौरान नोटा पर भी वोट डाला जाएगा। सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा में पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए मतदान दल पहुंच गए हैं। बालाघाट के तीन विधानसभा क्षेत्रों लांजी, बैहर और परसवाड़ा में नक्सल एरिया होने के चलते सुबह सात से दोपहर बाद 4 बजे तक का मतदान समय तय किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने गुरुवार को मतदान की जानकारी की जानकारी देते हुए बताया कि वोटिंग के दौरान किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की टीम लगातार मतदान केंद्रों का भ्रमण करेगी और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तुरंत एक्शन लेगी। पहले चरण के मतदान छह लोकसभा क्षेत्र के लिए 47 विधानसभा क्षेत्रों में होना है। इन लोकसभा में 13 जिले शामिल हैं।

जबलपुर आ रहे ट्रक में लगी आग, कलेक्टर बोले- ईवीएम नहीं पानी की बोतलें भरी थीं

जबलपुर। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम लेकर जबलपुर आए ट्रक में आग लगने की अफवाह वायरल हो गई। समय रहते फायर ब्रिगेड टीम ने आग बुझा दी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने ईवीएम में आग की खबर को अफवाह बताते हुए कहा कि ट्रक में ईवीएम नहीं पानी की बोतलें भरी थीं। उन्होंने बताया कि जबलपुर में मतदान दलों की रवानगी के दौरान ईवीएम के ट्रक में आग लगने का भ्रामक समाचार वायरल हुआ है।कलेक्टर के अनुसार वस्तुस्थिति यह है कि ट्रक क्रमांक यूपी 65 डीटी 3924 नगर निगम जबलपुर द्वारा पानी की बोतल लाने के लिये अनुबंधित किया गया है।

महा-रणः मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे खत्म होगा

आज 16.63 करोड़ वोटर करेंगे 1625 उम्मीदवारों के 'भाग्य का फैसला'

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पहले चरण की वोटिंग से पहले वोटरों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की

20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पहले चरण की वोटिंग से पहले वोटरों से मतदान में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। राजीव कुमार लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव भारत के लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत अभिव्यक्ति हैं। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मतदान के अनुभव को शांतिपूर्ण, आरामदायक और सुखद बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। मतदान 19 अप्रैल शुक्रवार को 21 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सामान्य- 73; एसटी-11; एससी-18) और 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होगा। अरुणाचल और सिक्किम में राज्य विधानसभा चुनाव भी साथ हो रहे हैं।

मतदान और सुरक्षा कर्मियों के लिए...

41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात

मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित करने के लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रूप से केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। 50 फीसदी से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो पर्यवेक्षकों की तैनाती के साथ ही 361 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

चौथे चरण की अधिसूचना जारी

13 मई को 96 संसदीय सीटों के लिए होगा मतदान

देश में आम चुनाव के चौथे चरण के लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। चौथे चरण में 10 राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर की 96 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। चौथे चरण का मतदान 13 मई को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कराया जाएगा।

दो डिप्टी सीएम के विवादित बयानों पर बखेड़ा

पवार बोले-'टकाटक वोट' तो पैसा भी डीके ने कहा- मैं 'डील' करने आया

दोनों की तरफ से अभी तक कोई खंडन या सफाई नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अजित पवार

डीके शिवकुमार

महाराष्ट्र व कर्नाटक के डिप्टी सीएम क्रमशः अजित पवार और डीके शिवकुमार ने विवादित बयान दिया है। पवार ने एक सभा में कहा कि जो फंड लगेगा मैं दूंगा, लेकिन वोट के समय बटन टका टका दबाना। अजित पवार के बयान पर बवाल मच गया है। इस बयान को लेकर शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे गुट ने कड़ी आपत्ति जताई है।

उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत की गई है। अजित ने मेडिकल फील्ड और व्यापारियों से फंड के बदले वोट की बात कही थी। पत्नी सुनेत्रा पवार के लिए चुनाव प्रचार के दौरान उनकी जुबान फिसल गई, जो उनके लिए परेशानी का सबब बन सकती है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मराठी में बोल रहे हैं। अजित की पत्नी सुनेत्रा बारामती से एनसीपी उम्मीदवार हैं। अजित पवार के गुट का एसीपी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

वीडियो में अजित कहते हैं कि मैं कहना चाहूंगा..जो फंड लगेगा वो मैं दूंगा उसके लिए मैं सहयोग करूंगा, लेकिन जिस तरह में फंड दूंगा उस तरह वोट के समय मशीन में चिन्ह पर बटन दबाना टका-टका-टका-टका..क्योंकि इससे फंड देना अच्छा लगता है..नहीं तो बुरा लगता है। अजित पवार ने यह बयान पुणे के इंदापुर में मेडिकल फील्ड और व्यापारियों के एक समूह के बीच चुनाव प्रचार के दौरान दिया।

डीके 'बिजनेस डील' पर फंसे

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार एक चुनावी सभा में विवादित बयान देकर फंस गए। उन्होंने सीधे-सीधे वोटरों से कहा कि वे बिजनेस डील के लिए आए हैं। वोट देंगे तो डील करुंगा। उनका वीडियो भाजपा के आईटी सेल ने एक्स पर पोस्ट किया है और चुनाव आयोग को भी शिकायत के साथ भेजा है।

ईरान के कब्जे वाले जहाज से लौटी भारतीय महिला

कोचीन। ईरान ने ओमान की खाड़ी से जब्त किए गए शिप से छोड़ी गई महिला भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ को भारत लौट आई है।

गुरुवार को एन टेसा जोसेफ केरल के कोचीन एयरपोर्ट उतरीं। उनका यहां रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने स्वागत किया। जोसेफ की वतन वापसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, शानदार काम इंडियन एम्बेसी, खुशी है कि एन टेसा जोसेफ घर पहुंच गई हैं। मोदी की गारंटी देश या विदेश हमेशा सभी जगह काम करती है।

केंद्र सरकार लेने जा रही ये बड़ा फैसला

अब किराने की दुकान पर भी मिल सकेंगी 'सर्दी-जुकाम' की दवाएं

केंद्र सरकार कुछ दवाओं को ओटीसी की कैटेगरी में डालने की तैयारी कर रही है। इसके बाद इन दवाओं को बिना प्रिस्क्रिप्शन के भी बेचा जा सकेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार जल्द ही एक बड़ा फैसला लेने जा रही है। सर्दी, जुकाम और बुखार में इस्तेमाल होने वाली दवाओं को किराना की दुकानों पर भी बिक्री के लिए मुहैया कराने की तैयारी की जा रही है।

केंद्र सरकार ओटीसी यानी ओवर द काउंटर दवाओं की लिए एक नीति लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एक समिति बनाई गई जो इस पर विचार कर रही है। ओवर द काउंटर उन दवाओं को कहा जाता है जिन्हें बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचा जा सके।

अमिताभ को दीनानाथ मंगेशकर अवार्ड

मुंबई। महानायक अमिताभ बच्चन को इस साल लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

सम्मानित होने वाली हस्तियों में एक्टर रणदीप हुड्डा और म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान भी शामिल हैं। अवॉर्ड सेरेमनी 24 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली है। हाल ही में मंगेशकर परिवार ने अवॉर्ड पाने वालों के नामों की घोषणा की है। अवॉर्ड पाने वालों में 81 साल के अमिताभ बच्चन, 47 साल के रणदीप हुड्डा और 57 साल के एआर रहमान के अलावा मराठी एक्टर अशोक सराफ, पद्मिनी कोल्हापुरी, सिंगर रूपकुमार राठौड़, एक्टर अतुल परचुरे भी शामिल हैं।



जबलपुर
शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
- चैत्र मास शुक्ल पक्ष-11
- वर्ष : 18 अंक : 343
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 40
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8 मध्य पूर्व में अमन कायम हो

मैट्रो
14 पश्चिमी हवाओं से गर्म हो रहा मौसम...

संयुक्त राष्ट्र में रुचिरा कंबोज ने कहा

भारत जीडीपी रैंकिंग में 2014 के 10वें स्थान से 2024 में 5वें स्थान पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में एफडीआई ने देश को वैश्विक जीडीपी रैंकिंग में 2014 में 10वें स्थान से 2024 में 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

भारत स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने के प्रति सचेत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत उन नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता के प्रति भी सचेत है जो स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल हैं।

भारत स्वच्छ और अधिक ऊर्जा कुशल नीतियों और निवेशों को आगे बढ़ाने के प्रति सचेत

भारत ने 2022 में 5.8 बिलियन के परिव्यय के साथ पीएलआई योजना की घोषणा की

एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पर्यावरणीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध

उन्होंने कहा एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, हम अपने पर्यावरणीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उन्हें बहुत गंभीरता से लेते हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट कर यूएनजीए में रुचिरा कंबोज के संबोधन का एक वीडियो भी शेयर किया गया है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में, हमने स्थायी परिवहन, सुरक्षित और सस्टेनेबल लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित करने में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। हमारी प्रतिबद्धता पहुंच को बढ़ाती है और हमें हरित भविष्य की ओर प्रेरित करती है।

2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था होगी 34.7 लाख करोड़ डॉलर की

उद्योग संगठन पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है। पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बादमजबूती से आगे बढ़ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि हमने 10 प्रमुख कारकों की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चेमाल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

2047 तक विकसित भारत की ओर ले जाते दिख रहे संकेत

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

बस का खुल गया टायरों का हिस्सा, हादसा टला

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी में एचआरटीसी की सेमी डिलक्स बस का चलते-चलते पिछले टायरों का पूरा हिस्सा ही खुल गया और बस की पूरी बॉडी जोर से सड़क पर धड़ाम करके आ गिरी। गनीमत यह रही कि बस नियंत्रित हो गई और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

मां चिंतपूर्णी के दर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग

शिमला। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मां चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आशीर्वाद लेने का अवसर मिला। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश के मां चिंतपूर्णी के दरबार में हर कोई हाजिरी लगाने आता है।

अमरनाथ यात्रा में 20 डीएसपी देंगे सेवाएं

जम्मू। अमरनाथ यात्रा के लिए गृह विभाग ने डीएसपी स्तर के अफसरों को श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड में डेपुटेशन पर भेजा है। ये डीएसपी बोर्ड में बतौर कैंप उप निदेशक के रूप में यात्रा खत्म होने तक काम करेंगे। अमरनाथ यात्रा के दोनों रूट पर बनाए जाने वाले कैंपों में इनकी सेवाएं ली जाएंगी।

ईवीएम पर फैसला सुरक्षित : करीब 5 घंटे तक चली सुनवाई में चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में स्पष्ट जवाब

वीवीपैट को फिर से डिजाइन करने की कोई जरूरत नहीं

ईवीएम न हैक हो सकती है और न ही इससे कोई छेड़छाड़ संभव

चुनाव आयोग ने अपने बयान में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर ईवीएम की जगह मैन्युअल गिनती की जाती है तो इसमें मानवीय भूल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा सिस्टम में मानवीय भागीदारी न्यूनतम हो गई है।

केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पहले चरण की वोटिंग से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम मशीन की प्रामाणिकता को लेकर सुनवाई जारी है। गुरुवार को भारतीय चुनाव आयोग ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया कि ईवीएम एक स्वतंत्र मशीन है। इससे हैक या छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता। वीवीपैट को फिर से डिजाइन करने की कोई जरूरत नहीं है। गुरुवार को 5 घंटे तक चली सुनवाई के बाद शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। चुनाव आयोग ने अपने स्टेटमेंट में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर ईवीएम की जगह मैन्युअल गिनती की जाती है तो इसमें मानवीय भूल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा सिस्टम में मानवीय भागीदारी न्यूनतम हो गई है। निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं।

भारत की ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन

ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूरे सत्यापन के अनुरोध से जुड़ी याचिकाओं पर हियरिंग के दौरान यह भी पता चला कि यूनाइटेड किंगडम (यूरोप में) और अमेरिका में बंद की जा चुकी ईवीएम में और भारत में इस्तेमाल की जा रही इन वोटिंग मशीनों में क्या अंतर है? दरअसल, चुनाव आयोग के वकील यूरोप के देशों और अमेरिका में हटाई गई ईवीएम और भारतीय ईवीएम की तुलना कर रहे थे। विदेशी मशीनें नेटवर्क से जुड़ी होती थीं और उनके प्रभावित होने का अंदेशा था, जबकि भारत की ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन है। वह किसी नेटवर्क से जुड़ी नहीं होती। विदेशों में ईवीएम निजी कंपनी बनाती थीं पर हिंदुस्तान में इसे पब्लिक सेक्टर कंपनी बनाती है। बाहर वाली ईवीएम में वोट की पुष्टि का सिस्टम नहीं था लेकिन भारत में वीवीपैट के जरिए इसकी पुष्टि हो जाती है।

बोले जज: ईसी को हर बात पर सफाई की जरूरत नहीं

जस्टिस संजीव खन्ना ने प्रशांत भूषण से कहा- आप इस तरह हर चीज पर अविश्वास नहीं जता सकते। आपकी बातों को हमने विस्तार से सुना। चुनाव आयोग के प्रयासों को भी जाना। आपको भी इसकी सराहना करनी चाहिए। ईवीएम-वीवीपैट मिलान पांच फीसदी होगा, 40 होगा, 50 होगा या कुछ और.. चुनाव आयोग को हर बात पर आपको सफाई देने की जरूरत नहीं है। वे लोग काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है। वह दायित्व निभा रही है। ईवीएम से मतदान की मौजूदा व्यवस्था में कोई छेड़छाड़ संभव नहीं है। बैलेट पेपर से मतदान की मांग को सुन कर सुप्रीम कोर्ट पहले खारिज कर चुका है। इसे दोबारा उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

हम केरल मामले की अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की बेंच से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास ने पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को उठाया था। याचिकाकर्ता एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से भूषण ने अदालत से कहा कि इस तरह की खबरें हैं कि ईवीएम 'मॉक पोल' की कवायद के दौरान एक अतिरिक्त वोट दर्शा रही थीं।

सप्ताह के अंत में गर्म हवाओं का असर बढ़ेगा, लू नहीं चलेगी

सीजन में पहली बार पूरे प्रदेश में एक जैसी गर्मी पारा औसतन '40 डिग्री'

- एक मार्च से गुरुवार तक 25 से अधिक जिलों में दिन के तापमान में मामूली बदलाव फिर भी पारा औसतन समान, अभी धीरे-धीरे बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मौसम साफ होने के बाद तापमान में मामूली बदलाव जारी है। इस बीच गुरुवार को इस सीजन में पहली बार ऐसा रहा जब पूरे प्रदेश में एक जैसी गर्मी रही है। 25 से अधिक जिलों में दिन का औसत पारा 40 डिग्री या उससे अधिक रहा। केवल 6 जिलों में ही यह 39 से 40 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। अगले दो दिन में भी तापमान में मामूली बदलाव होगा, जबकि इस सप्ताह के अंत में गर्म हवाओं का असर होगा, लेकिन लू नहीं चलेगी। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार गुरुवार को सीजन में पहली बार पूरा प्रदेश एक जैसा गर्म रहा। ज्यादातर जिलों में दिन का तामपान 40 डिग्री के करीब रहने से लगभग एक जैसी गर्मी महसूस की गई है।

केवल 6 जिले 40 डिग्री से कम

पचमढ़ी, रायसेन, नरसिंहपुर, सिवनी, टीकमगढ़ और छिंदवाड़ा में पारा 39 से 40 डिग्री के बीच रहा। प्रदेश के शेष सभी जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज हुआ है। मलाजखंड, रीवा, नौगांव, मंडला, खजुराहो, दमोह, धार, गुना, नर्मदापुरम, रतलाम, शिवपुरी और उज्जैन में पारा 41 डिग्री रहा। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान खंडवा में 42.1 डिग्री पर पहुंच गया है।

गुना में युवती के साथ ऐसी हैवानियत

पड़ोसी अयान खान की करतूत, महीने भर से बनाए था बंधक

कमरे में बंधक बनाकर 'बेरहमी' से पीटा फेविक्विक से चिपका दीं आंखें और मुंह

जबरन शादी करने व जायदाद अपने नाम करने का बना रहा था दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना शहर के कैंट थानांतर्गत नानाखेड़ी क्षेत्र में युवती को पड़ोसी युवक द्वारा कमरे में बंधक बनाकर उसके मुंह तथा शरीर पर फेवीक्विक डालकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। युवती गत दिवस किसी तरह उसके चंगुल से निकलकर अपनी मां के पास पहुंची। मारपीट में युवती की आंखें और मुंह लहुलूहान हो गया है।

घायल युवती का जिला अस्पताल में उपचार

जिला अस्पताल में भर्ती युवती का कहना है कि उसे एक महीने से कमरे में बंद कर रखा था। आरोपी उस पर शादी करने का दबाव डाल रहा है। मना करने पर मारपीट करता है। मंगलवार दोपहर और फिर रात को कमरे में बंद कर उसने बेरहमी से मारपीट की। फेवीक्विक डाल दी, जिससे आंखों और चेहरे पर घाव हो गए हैं। युवती का आरोप है युवक ने घर पर आकर कई सामानों की तोड़फोड़ कर डाली। गुरुवार सुबह मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। वहीं घायल युवती का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

दुर्गम इलाकों में खच्चरों से पहुंच रहे कर्मचारी

इस लोकतंत्र के पर्व पर देश को गर्व है...

डोडा। आज लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान होना है। इसके लिए गुरुवार को डोडा में ईवीएम सहित अन्य चुनावी सामग्री के साथ अधिकारी और कर्मचारी खच्चरों पर सवार होकर दुर्गम इलाके के लिए रवाना हुए हैं।

एएसआई सर्वे का 28वां दिन

भोजशाला में मिली गौतम बुद्ध की मूर्ति मुस्लिम पक्ष का दावा.. कुछ नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के निर्देश पर धार की भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्ष (एएसआई) का सर्वे जारी है। गुरुवार को भोजशाला सर्वे का 28वां दिन है। 22 मार्च से शुरू हुए इस सर्वे में गुरुवार को एएसआई की टीम सुबह 8 बजे भोजशाला पहुंची। टीम के साथ 31 मजदूर भी भोजशाला पहुंचे थे।

वहीं सर्वे टीम के साथ ही हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी पहुंचे। अब तक हुए सर्वे को लेकर मुस्लिम पक्ष ने कुछ नहीं मिलने का दावा किया। मुस्लिम पक्षकार अब्दुल समद ने कहा कि सर्वे की गति 27वें दिन धीमी रही है। रामनवमी के चलते मजदूर तो आधे दिन बाद ही

चले गए। सर्वे के दौरान गुरुवार को कुछ नहीं मिला। वहीं अब्दुल समद ने दावा किया कि दो दिन पहले जहां से भोजशाला के अंदर गौतम बुद्ध की मूर्ति निकली थी, वहां ओर पिछले हिस्से में खुदाई की गई है।

भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर जांच के घेरे में नेस्ले

नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपलों की होगी 'जांच'

- नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर अब जांच के घेरे में आ गई है।

ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट में नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई है।

नेस्ले के उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे

नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही

भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में यह मामले

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नेस्ले से जुड़ी हालिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपल की जांच की जाएगी। दरअसल, एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि नेस्ले कई देशों में बच्चों के दूध और सेरेलक प्रोडक्ट्स में चीनी और शहद का इस्तेमाल करता है।

भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी

ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि भारत में बिकने वाले सभी 15 सेरेलक बेबी प्रोडक्ट्स में 3 ग्राम चीनी पाई गई, लेकिन अफ्रीका के इथियोपिया और एशिया के थाईलैंड जैसे देशों में चीनी 4 से 6 ग्राम तक पाई गई है।

दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदल रहा, 23 सेकंड का वीडियो वायरल

बारिश के बाद दुबई में दिखा अदभुत नजारा देखते ही देखते हरा हो गया आसमान का रंग

एजेंसी ▶▶ दुबई

पिछले कुछ दिनों से दुबई के मौसम में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां 75 वर्षों में सबसे भारी बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया जिसके बाद देश जैसे थम सा गया। भारी बारिश के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गईं और स्कूल बंद कर दिए गए। कई ऐसे फोटो और वीडियो सामने आए जिसमें पानी से लबालब भरी सड़कें देखने को मिली। एक सोशल मीडिया एक्स यूजर ने 23 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया।इस वीडियो का कैप्शन के साथ साझा किया जिसमें लिखा है, 'दुबई में आसमान हरा हो गया! दुबई में आए तूफान की यह वास्तविक फुटेज है।' दुबई में आसमान का इस तरह हरा हो जाना कोई मामूली बात नहीं है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं। इसको लेकर पिछले साल फॉक्स न्यूज द्वारा प्रकाशित एक आर्टिकल के में बताया गया था कि यह तब होता है जब वायुमंडल द्वारा बिखरी हुई रोशनी बादलों में बर्फ की बूंदों को रोशन करती है।

दुबई में आई बाढ़ की वजह को क्लाउड सीडिंग से जोड़ा जा रहा है

नीले के बदले हरे रंग में रंगा पूरा आसमान | **दुबई के मौसम में हुआ अनोखा बदलाव**

दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदलता हुआ दिख रहा है। जहां पिछले दिनों भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। वहीं अब तूफान से जुड़ा हुआ ऐसा वीडियो सामने आया है। दुबई का पूरा आसमान नीले से हरे रंग में रंग गया।

भारत से दुबई के लिए उड़ानें रद्द

दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण वहां का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी प्रभावित हुआ है। मौसम की इस बेरूखी को देखते हुए भारत की एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। इनके अलावा के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा एयरलाइंस और स्पाइसजेट भी दुबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन करती हैं। वैकल्पिक विकल्प या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुनने के लिए 24*7 संपर्क केंद्र 91 116 932 9333 या 91 116 932 9999 पर संपर्क करें।

हेल्पलाइन नंबर जारी

दुबई में 75 वर्षों की सबसे बड़ी बाढ़ आने के बाद भारत ने अपने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहां फंसे भारतीयों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर +971501205172, +971569950590, +971507347676, +971585754213... जारी किया है। दुबई में स्थित भारतीय कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने आधिकारिक बयान में कहा है कि हम फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए यूएई अधिकारियों और एयरलाइंस के संपर्क में हैं।

क्या है क्लाउड सीडिंग?

संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में एक दिन में एक साल जितनी बारिश दर्ज की गई है। इतनी ज्यादा बारिश के पीछे का कारण क्लाउड सीडिंग को माना जा रहा है। क्लाउड सीडिंग एक आर्टिफिशियल बारिश कराने का एक तरीका है। क्लाउड सीडिंग की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के बाथुर्स्ट स्थित जनरल इलेक्ट्रिक लैब में फरवरी 1947 में हुआ था।

इजराइल ने दुनिया को दिया बड़ा संदेश

ईरान को रोकिए, इससे पहले बहुत देर हो जाए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान से बदला लेने से पहले इजराइल ने पूरी दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। इजराइल ने दुनिया से कहा है कि ईरान को रोकिये, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। बता दें कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले का बदला लेने की बात कही है, लेकिन वह इसके लिए खुद को दोषी नहीं ठहराना चाहते।

नेतन्याहू इस बदले के लिए ईरान की कार्रवाई और दुनिया की चुप्पी को जिम्मेदार ठहराना चाहते हैं। इसीलिए इजराइल बार-बार दुनिया को इस बात का एहसास करा रहा है कि ईरान को रोकिये, नहीं तो बहुत देर हो जाएगी।

यानि तब इजराइल बदले की कार्रवाई करेगा तो उसका जिम्मेदार वह नहीं होगा, बल्कि इसके लिए ईरान और दुनिया के नीति निर्धारक देश जिम्मेवार होंगे।

ईरानी मिसाइलों की रेंज का दिया ब्यौरा

इजराइल ने ईरान द्वारा 14 अप्रैल को दागी गई सभी मिसाइलों की रैंज का ब्यौरा दिया है। इजराइल ने बताया है कि ईरान ने उस पर 300 मिसाइलें दागी थीं। इनमें से 170 यूएवी मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2500 किलोमीटर तक है। 120 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2000 किलोमीटर तक है। इसके अलावा 30 क्रूज मिसाइलें थीं। इनकी मारक क्षमता भी 2000 किलोमीटर तक है। ऐसे में समझ सकते हैं कि ईरान ने कितना बड़ा हमला इजराइल पर किया था। अगर इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव नहीं होता तो तेल अवीव में बड़ी तबाही मच सकती थी। इजराइल ने इन ईरानी मिसाइलों में से 99 फीसदी को हवा में ही मारकर गिरा दिया। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

ईरान पर दोष मढ़ रहा इजराइल

इजराइल ने एक पोस्ट में कहा है कि 14 अप्रैल को ईरानी शासन ने इजराइल पर 300 बैलिस्टिक मिसाइलें, यूएवी और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। इन ईरानी मिसाइलों की मारक क्षमता 3,000 किलोमीटर तक तक है, जो यूरोप तक पहुंच सकती है। इजराइल पर ईरानी शासन का हालिया हमला इस बात का एक पूर्वावलोकन मात्र है कि अगर दुनिया ने उन्हें नहीं रोका तो यूरोप क्या उम्मीद कर सकता है। इरान ने कहा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, ईरान को रोकें।

मस्क को अमेरिका का भी समर्थन

वॉशिंगटन भी चाहता है कि यूएन में सुधार

यूएनएससी में भारत को भी मिलनी चाहिए जगह

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थायी सीट के मुद्दे को लेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के विचारों पर अमेरिकी सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। एलन मस्क ने जनवरी में कहा था कि भारत का सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों न होना अजीब बात है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं।

एलन मस्क ने भारत के न होने को बेतुका बताया था

एलन मस्क ने कहा था कि यह 'बेतुका' है कि पृथ्वी पर सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के अंगों में आमूलचूल बदलाव का आह्वान किया है। मस्क की यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा यूएनएससी के स्थायी सदस्यों की सूची से किसी भी अफ्रीकी देश की अनुपस्थिति पर चिंता जताने के बाद आई थी।

हरिभूमि रण भूमि

लोकसभा सत्ता संग्राम-2024

पांच पूर्व मुख्यमंत्रियों के सियासी करियर का भी होगा इम्तिहान

दांव पर होगी एक दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को 18वीं लोकसभा के लिए 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इन लोकसभा सीटों पर 134 महिलाओं समेत 1625 प्रत्याशी अपने राजनीतिक अस्तित्व की जंग लड़ रहे हैं। पहले चरण के चुनाव में जहां चार पूर्व मुख्य मंत्रियों के अलावा करीब डेढ़ दर्जन केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है, तो वहीं केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, विधायकों के अलवा प्रोफेसर से लेकर अधिवक्ता तक का राजनीतिक भविष्य दांव पर होगा। लोकसभा के लिए 19 अप्रैल को हो रहे पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और चुनाव प्रचार भी बुधवार की शाम को थम गया है।

लोकसभा 2024

- पहले चरण का चुनाव आज 19 अप्रैल को
- 21 राज्यों की 102 सीटों पर 134 महिलाओं समेत 1,625 प्रत्याशी के सियासी भविष्य का फैसला करेंगे मतदाता

नितिन गड़करी

किरण रिजिजू

सर्वानंद सोनेवाल

फग्गन सिंह कुलस्ते

भूपेन्द्र यादव

सबसे ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी

लोकसभा के पहले चरण की 102 सीटों के लिए चुनाव मैदान में उतरे 1625 प्रत्याशियों में सबसे ज्यादा 885 निर्दलीय प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जबकि राष्ट्रीय दलों में बसपा सबसे ज्यादा 86, भाजपा 77, कांग्रेस 56 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ा रही है। इसके अलावा एडीएमके ने 36, डीएमके ने 22, समाजवादी पार्टी ने सात, डीएमडीके, सीपीआई(एम) और तृणमूल के पांच प्रत्याशी चुनावी जंग में हैं। राजद के चार, एनपीपी, सीपीआई और आप के दो-दो तथा एसडीएफ, एसकेएम के एक-एक प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा बाकी क्षेत्रीय, गैर मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशी पहले चरण के चुनावी रण में हैं।

केंद्रीय मंत्रियों पर भाजपा का दांव

पहले चरण के लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दिग्गजों की बात करें, तो उनमें महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, अरुणाचल की पश्चिमी लोकसभा सीट से केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू, असम की डिब्रूगढ़ से केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनेवाल, मध्य प्रदेश की मंडला सीट से इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, मणिपुर इनर सीट से विदेश राज्यमंत्री डा. राजकुमार रंजन, राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव, बीकानेर से केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल के अलावा बाडमेर से कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी चुनाव मैदान में हैं। जबकि यूपी की मुजफ्फरनगर सीट से मत्स्य एवं पशुपालन डेयरी मंत्री डा. संजीव बालियान, पीलीभीत से यूपी सरकार के मंत्री जतिन प्रसाद, उत्तराखंड की नैनीताल-उधमसिंह नगर से केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, पश्चिम बंगाल की कूच बिहार सीट से गृहराज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

पांच पूर्व मुख्यमंत्रियों का दांव

लोकसभा चुनाव में पांच पूर्व मुख्यमंत्री भी चुनावी मैदान में हैं। इनमें अरुणाचल पश्चिम सीट से से नबाम तुकी, छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव से भूपेश बघेल, उत्तराखंड की हरिद्वार से त्रिवेन्द्र सिंह रावत, त्रिपुरा से बिप्लव कुमार देब और बिहार की गया सीट से जीतन राम मांझी भी लोकसभा सांसद बनने की जुगत में चुनाव मैदान में उतरे हैं। वहीं सांसद व पूर्व सांसद, पूर्व नौकरशाह के अलवा कई राज्यों की सरकार में मंत्री और विधायक व पूर्व विधायक भी पहले चरण के लोकसभा में अपनी सियासी किस्मत आजमा रहे हैं।

करोड़पति व दागी भी बने प्रत्याशी

पहले चरण के लोकसभा चुनाव की जंग लड़ रहे 1625 प्रत्याशियों में से 252 प्रत्याशी यानी करीब 16 फीसदी दागी हैं। इसमें से 161 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 15 प्रत्याशी अलग-अलग मामलों में दोषी भी ठहराए जा चुके हैं। वहीं पहले चरण में 450 यानी 28 फीसदी प्रत्याशी करोड़पति भी सियासत की जंग में हैं। इनमें सबसे अमीर प्रत्याशी मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे नकुलनाथ हैं।

आमने/सामने

कांकेर में मारे गए नक्सली शहीद सुप्रिया श्रीनेत

कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देकर पहले से ही आलोचनाओं में घिरी कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत फिर से विवादों में घिर गयी है। उन्होंने कांकेर नक्सली हमले में मारे गये नक्सलियों को शहीद बताया है। ना सिर्फ शहीद बताया, बल्कि उनके प्रति अपनी संवेदना भी जतायी है। उनके इस बयान पर बवाल मच गया है।

कांग्रेस ने बस्तर में इसी मानसिकता से कार्य किया अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस बयान पर तीखी आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का ये निकृष्ट बयान लोकतंत्र पर प्रहार है। सुरक्षा बलों के मनोबल और उनके पराक्रम पर प्रहार है। छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता पर प्रहार है। नक्सलियों को शहीद मानने वाली कांग्रेस ने 5 साल बस्तर में इसी मानसिकता से कार्य किया है।

कांग्रेस पर टिप्पणी कर बुरे फंसे केसीआर

चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दल चुनाव प्रचार करने में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। पहले चरण की वोटिंग होने में केवल दो ही दिन का समय शेष है। नेता एक- दूसरे पर वार-पलटवार कर रहे हैं। इसी बीच, इलेक्शन कमीशन ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने पर भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया। कांग्रेस नेता जी निरंजन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि केसीआर ने 5 अप्रैल को सिरसिला में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था। आयोग ने यह भी कहा कि केसीआर को उनके भाषण को लेकर पहले भी कई एडवाइजरी और निर्देश जारी किए गए थे।

त्रिपुरा में रैली

अगरतला। अगरतला, त्रिपुरा में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को अभिनंदन किया गया। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा भी नजर आ रहे हैं।

एनआरसी और यूसीसी किसी भी कीमत पर नहीं होगा लागू

टीएमसी ने अपने घोषणा पत्र में किया वादा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर टीएमसी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में पार्टी ने दो टूक कहा है कि एनआरसी और यूसीसी को लागू नहीं होने देंगे। टीएमसी का कहना है कि अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो एनआरसी प्रक्रिया को रोक दिया जाएगा और यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी लागू नहीं होने दिया जाएगा। इसके अलावा ऐलान किया गया है कि साल में बीपीएल परिवारों को मुफ्त में 10 एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। ममता बनर्जी की पार्टी ने ये ऐलान भी कर दिया है कि सरकार बनने पर दुआरे राशन स्कीम को राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर दिया जाएगा, राशन कार्ड धारक को उसके घर पर ही पांच किलो राशन पहुंचाया जाएगा। 60 साल से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्गों को 1000 रुपये महीने की पेंशन देने की भी तैयारी की गई है। इसके साथ-साथ सभी को आवास देने का ऐलान भी हुआ है।

पिछले अरसे से शिलांग में कांग्रेस, तो तुरा सीट पर संगमा परिवार का है कब्जा

सियासी वर्चस्व की चुनावी जंग में एनपीपी और कांग्रेस

लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर के मेघालय की दो लोकसभा सीटों पर पहले चरण में ही 19 अप्रैल को मतदान कराया जा रहा है। राज्य की शिलांग लोकसभा सीट पर कांग्रेस का वर्चस्व रहा है, जबकि दूसरी तुरा लोकसभा सीट लंबे समय से संगमा परिवार का गढ़ रहा है। इस बार दोनों सीटों पर राज्य के सत्तारूढ़ दल भाजपा के समर्थन से शिलांग सीट पर लगातार तीन बार के सांसद एवं कांग्रेस प्रत्याशी विंसेंट पाला के खिलाफ महिला उम्मीदवार को उतारा है, लेकिन तुरा सीट पर मौजूदा सांसद अगाथा संगमा के सामने भी इस बार तृणमूल कांग्रेस का प्रत्याशी आने से कड़ी चुनौती होगी। मसलन मेघालय में लोकसभा चुनाव के मुकाबले दिलचस्प होने की संभावना है।

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय की दोनों सीटों पर इस बार बदले सियासी समीकरण की वजह से बहुकोणीय चुनाव की संभावना है। दरअसल राज्य की शिलांग लोकसभा सीट पर पिछले तीन दशक से कांग्रेस के कब्जे में है। भाजपा ने मेघालय की किसी भी सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। इसलिए कांग्रेस के खिलाफ चुनावी रणनीति के तहत दोनो सीटों पर सत्तारूढ नेशनल पीपुल्स पार्टी यानी एनपीपी को समर्थन देने का ऐलान किया है। उसी रणनीति कके तहत शिलांग सीट पर एनपीपी प्रत्याशी के रुप में कॉनराड संगमा सरकार में मंत्री 58 वर्षीय माजेल अम्पारीन लिंगदोह को चुनाव मैदान में उतारा है। एनपीपी को चुनाव में मिल रहे भाजपा के समर्थन से उम्मीद है कि इस बार शिलांग सीट पर भी वह अपना परचम लहराएगी?

खास बातें

- मेघालय की शिलांग लोकसभा सीट पर पहली बार साल 1977 में चुनाव हुए थे। अब तक इस सीट पर 12 लोकसभा चुनाव हुए हैं, जिनमें आठ बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की

चुनाव मैदान में दस प्रत्याशी

मेघालय में की दो लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव में इस बार 22,26,567 मतदाता अपने सांसदों का चुनाव करेंगे। दो लोकसभा सीटों पर दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें प्रमुख रुप से शिलांग लोकसभा सीट से कांग्रेस के मौजूदा सांसद विसेंट एच पाला, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) से रॉबर्टजुन खारजाह्निन और वॉय पार्टी ऑफ इंडिया से रिकी एजे सिंगकोन चुनाव मैदान में हैं। जबकि तुरा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सालेंग ए. संगमा, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की अगाथा संगमा और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के जेनिथ संगमा चुनाव लड़ रहे हैं।

सीटों का इतिहास

असम से अलग होने के बाद मेघालय की शिलांग लोकसभा सीट पर पहली बार साल 1977 में चुनाव हुए थे। अब तक इस सीट पर 12 लोकसभा चुनाव हुए हैं, जिनमें आठ बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की। जबकि साल 1984 और 1996 में निर्दलयी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। इस सीट पर साल 1998 से अब तक लगातार कांग्रेस ही जीतती आ रही है। जबकि तुरा सीट पर लगातार संगमा परिवार का कब्जा रहा है, भले ही वह कसी भी दल से चुनाव लड़ा हो।

नागालैंडः तीन प्रत्याशियों में होगी लोकसभा चुनाव की जंग

लोकसभा चुनाव में 60 सदस्यीय विधानसभा वाले ईसाई बहुल नगालैंड राज्य की एक मात्र लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में केवल तीन प्रत्याशियों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। वैसे भी यहां यहां राष्ट्रीय दलों की तुलना में स्थानीय दलों का ही दबदबा रहता है। पिछला चुनाव भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन से एनडीपीपी के प्रत्याशी तोखेहो येपथोमी ने जीतकर लोकसभा में प्रवेश किया था। इस बार इस सीट पर एनडीपीपी प्रत्याशी के रुप में डॉ चुम्बेन मुरी को चुनाव मैदान में उतारा है, जिसे भाजपा का समर्थन मिल रहा है। जबकि कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन से कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष और पूर्व विधायक एस सुपोंगमेरेन जमीर पहली बार संसदीय चुनाव की जंग में हैं। इस सीट पर तीसरे उम्मीदवार के रुप में राज्य के एक सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिज्ञ और उद्यमी हेइथुंग तुंगो लोथा निर्दलीय रुप से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिन्होंने पिछला चुनाव एनपीपी के टिकट पर लड़ा था। नागालैंड लोकसभा सीट पर कुल 13,08,848 वोटिंग करेंगे।

कांग्रेस पर किया जोरदार हमला

आजाद नहीं लड़ेंगे चुनाव, महबूबा को अनंतनाग में देने वाले थे टक्कर

एजेंसी ▶▶| जम्मू

गुलाम नबी आजाद ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है, पहले वे अनंतनाग से चुनाव लड़ने वाले थे। महबूबा मुफ्ती के खिलाफ वे ताल ठोक रहे थे। लेकिन अब चुनाव से ठीक पहले आजाद ने चुनाव न लड़ने की घोषणा कर सबको चौंका दिया है। उन्होंने कुछ समय पहले ही अपनी खुद की पार्टी बनाई थी, कांग्रेस से उनका कई दशकों का रिश्ता खत्म हुआ था। वैसे आजाद प्रचार जारी रखने वाले हैं। कुछ दिन पहले ही उनकी तरफ से कांग्रेस पर हमला किया था, जोर देकर कहा था कि कांग्रेस ही बीजेपी को जीतने का मौका दे



रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी जिसको हम बहुत कम्युनल और फिरकापरस्त कहते हैं, उन्होंने भी उसको निकाल दिया लेकिन लिया किसने – कांग्रेस ने और नेशनल कांफ्रेंस ने। ये तो बीजेपी से गए गुजरे हैं।

भाजपा से है खुद आजाद की नजदीकी

आजाद पर जयराम रमेश ने पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी से नजदीकियां तो किसी और की दिखती हैं। राज्यसभा में आजाद के आखिरी दिन को याद करे हुए जयराम रमेश ने कहा कि किस तरह से उनके रिटायरमेंट पर ड्रामा हुआ था, किस तरह से बाद में उन्हें प्रद्म भूषण सम्मान दिया गया, किस तरह से वे अभी भी अपने बंगलों में रुके हुए हैं।

लग्जरी कारें, दुबई-लंदन में अपार्टमेंट हैं पल्लवी के पास

भाजपा की महिला उम्मीदवार ने घोषित की 1400 करोड़ की संपत्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने दक्षिण गोवा निर्वाचन क्षेत्र से बिजनेसमैन श्रीनिवास डेम्पो की पत्नी पल्लवी डेम्पो को अपना उम्मीदवार बनाया है। पल्लवी ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दक्षिण गोवा जिला कलेक्टरेट में जमा किया। इस दौरान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी उनके साथ मौजूद रहे। रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल किए गए 119 पन्नों के हलफनामे से पता चलता है कि उनके पति श्रीनिवास डेम्पो के साथ उनकी कुल संपत्ति लगभग 1,400

करोड़ रुपये है। डेम्पो ग्रुप का बिजनेस फ्रेंचाइज फुटबॉल लीग से लेकर रियल एस्टेट, जहाज निर्माण, शिक्षा और खनन कारोबार तक फैला हुआ है। पल्लवी के हलफनामे से पता चलता है कि उनके पास 255.4 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है।

पल्लवी के पास 2.5 करोड़ की 4 गाड़ियां हैं

पल्लवी के हलफनामे के मुताबिक उनके पास अलग-अलग सीरीज की तीन मर्सिडीज बेंज कारें हैं, जिनकी कीमत क्रमशः 1.69 करोड़, 16.42 लाख, 21.73 लाख है। एक कैडिलैक कार है, जिसकी कीमत 30 लाख है। एक महिंद्र थार एसयूवी है जिसकी कीमत 16.26 लाख है। पल्लवी डेम्पो ने अपने एफिडेविट में जानकारी दी है कि उनके पास 5.7 करोड़ रुपये का सोना है। जहां पल्लवी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 10 करोड़ रुपये का आयकर रिटर्न दाखिल किया, वहीं श्रीनिवास ने उसी वर्ष के लिए 11 करोड़ रुपये का रिटर्न दाखिल किया।

राजनीतिक इतिहास में यहां नहीं गलती राष्ट्रीय दलों की दाल

सिक्किम : लोकसभा सीट पर क्षेत्रीय दलों के बीच सियासी जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम चुनाव में पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम की एक मात्र लोकसभा सीट पर सभी की नजरें टिकीं होंगी, जहां लोकसभा के साथ राज्य की 32 विधानसभा सीटों पर भी 19 अप्रैल को पहले चरण में चुनाव होगा। इस राज्य में भाजपा और कांग्रेस समेत छह राजनैतिक दल भले ही चुनाव की जंग में हैं, लेकिन अपने अस्तिव में आने के बाद सिक्किम लोकसभा सीट पर यहां के क्षेत्रीय दलों का ही वर्चस्व रहा है। इस बार सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर अपनी जीत को दोहराने के लिए अग्नि परीक्षा होगी। जबकि संसदीय सीट पर सबसे ज्यादा काबिज रहे सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के सामने कड़े चुनावी संग्राम में वापसी करने की चुनौती होगी। सबसे खास बात ये है कि एक मात्र लोकसभा सीट पर सभी दल अकेले दम पर सियासी हुंकार भर रहे हैं। अब देखना यह है कि इस बार के चुनाव के नतीजों का ऊंट किस करवट बैठेगा, यह अभी भविष्य के गर्भ में हैं।

सांसद चुनेंगे 4.62 लाख मतदाता

सिक्किम लोकसभा की एक सीट व 32 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव में इसबार 4,62,456 मतदाता वोटिंग करेंगें, जिनमें 2,32,117 पुरुष, 2,30,334 महिलाएं और पांच ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इस मतदाता सूची में 3,856 दिव्यांग तथा 1,992 सर्विस मतदाता भी शामिल हैं। पिछले चुनाव की तुलना में इस साल 4,050 (0.88 फीसदी) मतदाताओं के नामों का इजाफा हुआ है।

लोकसभा चुनाव का इतिहास

पूर्वोत्तर की सिक्किम लोकसभा चुनाव के इतिहास पर नजर डालें, तो अस्तित में आए सिक्किम में 1977 में पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और 1980 के दूसरे चुनाव में सिक्किम जनता परिषद ने पलटवार करके क्षेत्रीय दबदबा बनाने की शुरुआत की। हालांकि बाद के दो चुनाव में इस सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी ने भी अपनी ताकत दिखाई। इस सीट पर दो बार सिक्किम संग्राम परिषद ने जीत दर्ज की। इसके बाद इस लोकसभा पर लगातार छह लोकसभा चुनाव में तीन दशक तक सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट(एसडीएफ) का कब्जा रहा है। पिछले 2019 के चुनाव में लोकसभा सीट पर पहली बार भाजपा के समर्थन से एसकेएम ने पलटवार करके जीत हासिल की, जिसने इस बार भी मौजूदा सांसद इंद्रा हांग सुब्बा को चुनावी जंग में

विधानसभा चुनावः महिलाएं दिखाएंगी दम

सिक्किम लोकसभा सीट के साथ 19 अप्रैल को ही सिक्किम की 32 विधानसभा सीटों के लिए भी चुनाव होगा, जिनमें 12 सीट अुनसूचित जनजाति प्रत्याशी के लिए आरक्षित हैं। इन अनुसूचित जनताति में प्रमुख रुप से भूटिया, लेप्चा (शेरपा), लिम्बु, तमांग और अन्य सिक्किमी नेपाली समुदाय जैसी जातीय शामिल है। विधानसभा चुनाव में कुल मतदाताओं में आधे से अधिक 2.31 लाख से ज्यादा महिला मतदाता इस बार वोटिंग करके अहम भूमिका निभाएंगी। फिलहाल विधानसभा में तीन महिला विधायक है। विधानसभा चुनाव में विभिन्न दलों के कुल 132 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

18 लाख 96 हजार 346 मतदाता करेंगे नए सांसद का चुनाव

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान आज

जबलपुर।

चुनाव-प्रचार समाप्त होने के बाद अब फैसले की घड़ी आ गई है। आज अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच जबलपुर के भावी सांसद को मतदाता ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) में कैद कर देंगे। जबलपुर संसदीय क्षेत्र से कुल 19 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है। मुख्य मुकाबला भाजपा के आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच है। मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान दल मतदान सामाग्री लेकर अपने-अपने आवंटित मतदान केंद्रों में पहुंच चुके हैं। मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी लगे प्रचार सामग्री को सुबह से ही हटाना शुरु कर दिया गया था और शाम तक सभी झंडे, बैनर, पोस्टर हटा दिए गए थे। जबलपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक-13 के लिये आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

2 हजार 139 मतदान केन्द्रों पर पड़ेंगे वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने बताया कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव के जबलपुर जिले में 9 सहायक मतदान केंद्रों सहित कुल 2 हजार 139 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र के 303, बरगी के 286, सात सहायक मतदान केंद्रों सहित जबलपुर पूर्व के 231, जबलपुर उत्तर के 240, एक सहायक मतदान केंद्र सहित जबलपुर कैंट के 214, जबलपुर पश्चिम के 272, पनागर के 310 और एक सहायक मतदान केंद्र सहित सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में 283 मतदान केन्द्र शामिल हैं।

19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में जिले में 18 लाख 96 हजार 346 मतदाता 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले के कुल

18 लाख 96 हजार 346 मतदाताओं में 9 लाख 63 हजार 065 पुरुष एवं9 लाख 33 हजार 186 महिला तथा थर्ड जेंडर के 95 मतदाता शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। कुल मतदाताओं में 18 से 19 वर्ष की आयु के 38 हजार 459 मतदाता भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 58 हजार 595 मतदाता लोकसभा चुनाव के मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। इनमें 1 लाख 32 हजार 642 पुरुष, 1 लाख 25 हजार 949 महिला एवं 4 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। इसी तरह बरगी विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 44 हजार 700 मतदाता शुक्रवार 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे, इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 25 हजार 371, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 19 हजार 312 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 17 है। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व के कुल 2 लाख 50 हजार 335 मतदाताओं में 1 लाख 26 हजार 483 पुरुष, 1 लाख 23 हजार 818 महिला एवं 34 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के कुल 2 लाख 18 हजार 068 मतदाताओं में 1 लाख 09 हजार 983 पुरुष, 1 लाख 08 हजार 077 महिला एवं 08 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर कैंट में 1 लाख 88 हजार 806 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 95 हजार 280, महिला मतदाताओं की संख्या 93 हजार 518 एवं थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 08 है। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के कुल 2 लाख 36 हजार 174 मतदाताओं में 1 लाख 19 हजार 190 पुरुष, 1 लाख 16 हजार 974 महिला एवं 10 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र पनागर के कुल 2 लाख 72 हजार 461 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 39 हजार 300, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 33 हजार 158 एवं थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 03 है। जबकि विधानसभा क्षेत्र सिहोरा के कुल मतदाताओं में 2 लाख 27 हजार 207 मतदाताओं में 1 लाख 14 हजार 816 पुरुष, 1 लाख 12 हजार 380 महिला एवं 11 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं।

6 हजार से अधिक बुर्जुग और 22 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले की कुल मतदाताओं में 85 वर्ष से अधिक आयु के 6 हजार 666 तथा 22 हजार 241 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं। इनमें से ऐसे 1 हजार 209 मतदाताओं जिनमें 260 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं जो निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से घर से मतदान करने की दी गई सुविधा का लाभ उठाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं।

दो सौ मीटर के दायरे के बाहर ही होंगे निर्वाचन बूथ

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए उम्मीदवारों को अपने निर्वाचन बूथ मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित करने की अनुमति होगी। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि मतदान दिवस पर उम्मीदवार अपने ऐजेन्टों और कार्यकर्ताओं के लिए मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी के बाहर मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए एक छतरी अथवा त्रिपाल के नीचे केवल एक मेज तथा दो कुर्सी रख सकते हैं ताकि वे अपना सिर धूप या वर्षा से बचा सकें। ऐसी मेज के आसपास भीड़ इकत्र नहीं होगी। आयोग ने मतदान के दिन कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथों की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश भी दिये हैं।

मतदान केन्द्रों में मोबाईल फोन प्रतिबंधित

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होगा। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर को वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही अपने मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति होगी।

ईव्हीएम से भरे ट्रक में आग की हवा अफवाह उड़ी

जबलपुर। शहर के सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हुई की जबलपुर में ईवीएम से लदे ट्रक में आग लग गई और मशीनें खाक हो गई हैं। जिसके बाद जबलपुर में यह खबर ट्रेंड करने लगी। लेकिन बाद में स्थिति साफ हुई कि ट्रक में आग लगी है, लेकिन यह ट्रक ईवीएम के लिये पानी की बोतल सप्लाई के लिये अनुबंधित किया गया था। एजिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि ट्रक में ईवीएम नहीं थी। कलेक्टर ने बताया ट्रक क्रमांक यूपी 65 डीटी 3924 नगर निगम द्वारा पानी की बोतल लाने के लिए अनुबंधित था। इस ट्रक से रात्रि में पानी की बोतल लाई गईं थीं। पानी की बोतल उतारने के बाद ड्राइवर नरेश के द्वारा ट्रक को कृषि विश्वविद्यालय के साइड वाली सड़क पर पार्प किया गया था। सुबह लगभग 9.30 बजे किसी तकनीकी खामी की वजह से ट्रक में आग लग गई। मौके पर मौजूद फायर फाइटर द्वारा तत्काल आग को बुझा दिया गया। कलेक्टर के अनुसार ट्रक में ईवीएम का परिवहन नहीं किया गया है। ईवीएम पूर्णतः सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा इस ट्रक में पानी की बोतलें लाई गई थीं।

नेत्रहीन मतदाताओं के लिये ईव्हीएम की बैलट यूनिट में होंगे ब्रेल चिन्ह

जबलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नेत्र दिव्यांग मतदाताओं की मतदान में भागीदारी सुनिश्चित कराने ईवीएम की नई मॉडल में अभ्यर्थी की क्रम संख्या दर्शाते हुए बैलेटिंग यूनिट की एकदम दाहिनी और ब्रेल चिन्ह दी गई है। आयोग द्वारा आकलित की गई आवश्यकतानुसार मतदान केन्द्रों को अभ्यर्थियों के नाम, उसकी राजनैतिक सम्बद्धता और क्रम संख्या वाला एक ब्रेल छदम मत शीट भी दिया जाएगा। ऐसे मामलों में पीठासीन अधिकारी नेत्रहीन मतदाता के अनुरोध पर उसे यह मतशीट सौंपेगा, ताकि वह अपने पसंद के अभ्यर्थी की क्रम संख्या जान सके, जिसके आधार पर वह सहयोगी पर निर्भर हुये बिना ब्रेल पट्टी की सहायता से स्वयं अपना मत डाल सके। यह ब्रेल मतशीट पीठासीन अधिकारी को लौटा दिया जायेगा, ताकि बाद में यदि कोई नेत्रहीन मतदाता आते हैं तो इसका इस्तेमाल किया जा सके।

दिव्यांग और वृध्दजनों को मिलेगी प्रशासन की तरफ से वाहन सुविधा

जबलपुर।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दिव्यांग एवं अति वृद्ध मतदाताओं को मतदान दिवस पर घर से मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर ले जाने के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है । मतदान केंद्र पर स्वयं जाने में अक्षम दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वाले अति वृद्ध मतदाता स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0761 2637501 पर कॉल करके ये सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना वोटर आईडी कार्ड नंबर एवं पूर्ण पते की जानकारी देनी होगी।

मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में नहीं की जा सकेगी मतों की याचना

भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर और मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में स्थित किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थानों पर मतों की याचना को प्रतिबंधित किया है। आयोग के निर्देशों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति मतदान के दिन मतदान केन्द्र के भीतर अथवा मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में न तो किसी मतदाता से मत की याचना कर सकेगा और न ही किसी उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में वोट डालने की प्रार्थना कर सकेगा। आयोग ने मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में शासकीय सूचनाओं के अलावा किसी अन्य तरह की सूचनाओं या चिन्हों के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान के दिन मतदान केन्द्र के भीतर और मतदान केन्द्र के आसपास शोर-शराबा भी नहीं किया जा सकेगा। मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में मेगाफोन अथवा लाउडस्पीकर के उपयोग को भी आयोग ने प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे के बाहर लगाये गये लाउडस्पीकर के उपयोग से यदि मतदान केन्द्र पर मतदान करने आने वाले लोगों को व्यवधान होता है अथवा मतदान कर्मियों को काम करने में कठिनाई होती है तो ऐसे स्थानों से भी लाउडस्पीकर्स को हटाने के निर्देश आयोग ने दिये हैं।

मतदान के लिये जिले में आज सार्वजनिक अवकाश

राज्य शासन ने निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट के तहत मप्र में लोकसभा चुनाव 2024 के सिलसिले में मतदान के दिन संबंधित संसदीय क्षेत्र के लिये सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा मतदान के दिन को सामान्य अवकाश भी घोषित किया गया है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि 19 अप्रैल है अतः इस दिन अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशान विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोकसभा चुनाव में अंतर्गत मतदान के दिन 19 अप्रैल को कामगारों को सवैतनिक अवकाश देने के संबंध में श्रमायुक्त मप्र द्वारा परिपत्र जारी किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन

पहले चरण के मतदान के लिये की गई हैं चाक-चौबन्द व्यवस्थायें

जबलपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के पहले चरण के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये सभी 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चाक-चौबन्द व्यवस्थायें की गई है। सभी मतदान क्षेत्रों में सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये गये हैं।नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत जबलपुर एयरपोर्ट में चिकित्सा दल सहित एक एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। एयर एम्बुलेंस जबलपुर पहुंच चुकी है और शुक्रवार 19 अप्रैल की शाम तक जबलपुर एयरपोर्ट पर रहेगी। इसी प्रकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये एक हेलीकॉप्टर पुलिस लाईन बालाघाट में रखा गया है।

नेत्रहीन और शिथिलांग व्यक्ति भी कर सकेंगे मतदान

जबलपुर।

लोकसभा चुनाव में अंधे या शिथिलांग मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदान करने के लिए उन्हें अपने सहायक के तौर पर एक वयस्क व्यक्ति को मतदान कक्ष के भीतर ले जाने की अनुमति होगी, जो उसकी इच्छा के अनुरूप ही उसकी ओर से मत रिकार्ड करेगा ।

इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि पीठासीन अधिकारी को यह विश्वास हो जाये कि नेत्रहीनता या अंगशैथिल्य के कारण कोई मतदाता बिना सहायता के मतदान यूनिट के प्रतीकों को पहचानने में या उस पर अपना मत रिकार्ड करने में असमर्थ है तभी वह उस मतदाता को अपनी ओर से और अपनी इच्छानुसार मत रिकार्ड के लिए किसी वयस्क व्यक्ति को मतदान कक्ष में साथ ले जाने की अनुमति देगा। यह वयस्क साथी 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए।

इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नेत्रहीनता और अंगशैथिल्यता के अलावा मतदाता की निरक्षरता उसकी ओर से मत रिकार्ड करने के लिए उसे किसी साथी की सहायता प्रदान करने के लिए कोई पर्याप्त कारण नहीं है । नेत्रहीन या शिथिलांग मतदाताओं के साथी के रूप में काम करने वाला व्यक्ति मतदान के दिन केवल एक ही मतदाता के साथ के रूप में ही कार्य कर सकता है। साथी के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति को पीठासीन अधिकारी के समक्ष विहित प्रारूप में इस आशय की घोषणा करनी होगी कि वह मतदाता की ओर से उसके द्वारा रिकार्ड किये गये मत को गुप्त रखेगा और यह कि उसने उस दिन किसी भी मतदान केन्द्र पर किसी अन्य मतदाता के साथी के रूप में कार्य नहीं किया है।

निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो अशक्त मतदाता ईवीएम की बैलट यूनिट पर अपनी पसंद के उम्मीदवार की बटन को दबाकर स्वयं मत डालने के लिये सक्षम है, उनको मतदान केंद्र में केवल वोटिंग कम्पार्टमेंट तक प्राधिकृत साथी को ले जाने की अनुमति होगी, न कि वोटिंग कम्पार्टमेंट के अंदर तक । यह ऐसे मामलों में लागू होगा जहां शारीरिक अशक्तता की प्रकृति ऐसी है कि मतदाता को केवल अपने चलने-फिरने के लिये सहायता की आवश्यकता होती है, न कि मतदान के लिये । पीठासीन अधिकारी को ऐसे मामलों में निर्णय लेना होगा ।

गेहूं खरीदी बढ़ाने पर सरकार का जोर स्टाक 16 साल में निम्न स्तर पर

जबलपुर। सेंट्रल पुल में गेहूं का स्टाक एक अप्रैल की अवधि तक 75.02 लाख टन रह गया है। इससे पहले 2008 में 58.03 लाख टन गेहूं का स्टाक सेंट्रल पुल में बचा था, जो अब तक का न्यूनतम है। यानी 16 साल के मुकाबले अब सेंट्रल पुल में गेहूं का स्टाक निम्न सीमा पर है। इस बीच सरकार का ध्यान ज्यादा से ज्यादा गेहूं की खरीद पर लगा हुआ है।सरकारी स्टाक के लिए ज्यादा खरीद के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने निजी कारोबारियों को एमएसपी पर सरकारी खरीद जारी रहने तक बाजार से दूर रहने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने इस साल 372.9 लाख टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि बाजार के जानकार इसे व्यवहारिक नहीं मान रहे। बाजार का अनुमान है कि 310 से 320 लाख टन के बीच खरीद अटक सकती है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, देश में इस सीजन में गेहूं का उत्पादन 1120.2 लाख टन रह सकता है। जो कि एक रिकार्ड है। इस बीच आंकड़े जारी हुए उसके अनुसार 13 अप्रैल तक गेहूं की खरीदी का आंकड़ा 27.2 लाख टन तक पहुंचा है। यह बीते साल से 7 प्रतिशत बेहतर है। इसी अवधि में बीते वर्ष 25.5 लाख टन गेहूं सरकारी एजेंसियों ने खरीदा था। बीते कुछ दिनों में मप्र में सरकारी खरीद को झटका लगा है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई बरसात-बूंदाबांदी से खरीद प्रभावित हुई है। मध्य प्रदेश में बीते वर्ष इस अवधि में 20.06 लाख टन खरीद हुई थी जो इस साल 17.73 लाख टन रह गया है, जबकि सरकार ने सिर्फ मध्य प्रदेश से ही 80 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है।मप्र में सरकार समर्थन मूल्य 2275 पर 125 रुपये अतिरिक्त बोनस भुगतान भी करेगी। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि छोटे किसान जो तुरंत नकद पैसा चाहते हैं, वे सरकारी खरीद को छोड़ मंडियों में ही गेहूं बेचना पसंद कर रहे हैं। दरअसल सरकारी खरीद में पहले टोकन मिलता है फिर उपज खरीद होती है। बाद में भुगतान आता है। उस पर भी बोनस आने में खासा वक्त लग सकता है। ऐसे में कई किसान लंबी प्रक्रिया की बजाय मंडियों में उपज बेचना पसंद कर रहे हैं।

मप्र में खरीद घटने से केंद्र के लक्ष्य को झटका

आयोग ने लगाये वाहनों के उपयोग पर कई प्रतिबंध

उम्मीदवार के वाहनों से मतदाताओं को ढोया नहीं जा सकेगा

जबलपुर।

निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदाताओं को वाहनों से ढोने पर प्रतिबंध लगाया है। आयोग के मुताबिक मतदान के दिन कोई भी उम्मीदवार, उसका निर्वाचन अभिकर्ता या उसकी सहमति से अन्य कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक ले जाने और वहां से वापस लाने के लिए वाहनों की सुविधा उपलब्ध नहीं करायेगा। आयोग ने कहा है कि यदि कोई उम्मीदवार ऐसा करता है तो वह भ्रष्ट आचरण माना जायेगा और इस प्रकार के भ्रष्ट आचरण पर उसे दण्ड दिया जा सकता है। इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 133 के अधीन उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन वाहनों के दुरूपयोग को रोकने कई तरह के प्रतिबंध भी लगाये हैं । इसके अनुसार मतदान के दिन निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के निर्वाचन विधि का उल्लघंन करके वाहनों से मतदान बूथों तक ले जाने और वापस लाने पर रोक लगाने की दृष्टि से मतदान क्षेत्रों में मतदान के दिन सभी तरह के यंत्र चलित या अन्यथा चलित वाहनों

जिसमें टैक्सी, निजी कार, ट्रक, बस, मिनी बस, ट्रक, ट्रेक्टर, आटोरिक्शा, स्कूटर, स्टेशन वैगन आदि के संचालन को विनियमित किया है।

आयोग ने कहा है कि मतदान क्षेत्र में मतदान के दिन बस व मिनी बस जैसे सार्वजनिक परिवहन के वाहनों को चलाये जाने की अनुमति तो होगी लेकिन निश्चित मार्गों और निश्चित स्थानों के बीच ही इन्हें चलाया जा सकेगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निजी वाहनों एवं टैक्सियों को मतदान के दिन मतदान केन्द्रों को छोड़कर अस्पतालों, विमानपत्तनों, रेल्वे स्टेशनों, बस अड्डों मित्र या रिस्तेदारों के घरों, क्लबों, एवं रेस्टारेण्ट जैसे स्थानों तक यात्रियों को ले जाने के लिए चलने दिया जायेगा । लेकिन मतदाताओं के ढोने के लिए मतदान केन्द्रों के समीप छुपे तौर पर इन्हें आने नहीं दिया जायेगा। इन वाहनों के यातायात को इस प्रकार दूसरे मार्ग पर ले जाया जायेगा ताकि उनके दुरूपयोग पर प्रभावी रूप से नियंत्रण किया जा सके।

आयोग के अनुसार मतदान के दिन निजी उपयोग के लिए जिसका संबंध निर्वाचन से न हो, निजी वाहनों को चलाने की अनुमति होगी। इसके अलावा अनिवार्य सेवाओं के लिए प्रयुक्त वाहनों मसलन अस्पताल वाहन, रोगी वाहन, दुग्ध वाहन, पानी के टैंकर, विद्युत ड्यूटी वाहन, पुलिस वाहन को भी मतदान के दिन चलाये जा सकेंगे। आयोग ने निजी वाहन स्वामियों को या तो स्वयं के लिए या उनके अपने परिवार के सदस्यों के उनके मताधिकार के उपयोग के लिए मतदान केन्द्र परिसर तक निजी वाहन ले जाने की अनुमति दी है। लेकिन इस शर्त पर कि ऐसे वाहन मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में केवल एक बार ही प्रवेश कर सकेंगे। आयोग ने मतदान के दिन वाहनों के उपयोग पर लगाये गये इन प्रतिबंधों का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है और कहा कि दुरूपयोग पाये जाने पर ऐसे वाहनों को जप्त कर लिया जायेगा।

शाम तक अपने मतदान केंद्र पहुँच चुके थे मतदान दल

चाक चौबंद व्यवस्था के बीच हुआ मतदान सामग्री का वितरण

जबलपुर। जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कल शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के मद्देनजर आज गुरुवार की सुबह जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर से मतदान कराने नियुक्त मतदान दलों को चाक-चौबंद वयवस्था और कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सामग्री का वितरण किया गया । व्यवस्थायें इतनी बेहतर थीं कि तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे से मतदान दलों की मतदान दलों की रवानगी भी प्रारंभ हो गई थी । दोपहर 12 बजे के लगभग आसपास के मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का पहुंचना भी शुरू हो गया था और शाम होने तक सभी मतदान दल अपने मतदान केंद्र पहुँच चुके थे । कई मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का फूलमाला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया । मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये तैनात किये गये कर्मचारी सुबह 4.30 के पहले जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय पहुँच चुके थे । मतदान सामग्री के साथ मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीन वितरित करने सुबह 4.30 बजे राजनैतिक दलों तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह की मौजूदगी में स्ट्रांगरूम खोले गये । ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को सुरक्षा बलों सुरक्षित रखने विधानसभावार बने स्ट्रांगरूम को खोले जाने के दौरान सबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी उपस्थित थे । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार मतदान दलों को सामग्री का

वितरण करने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में दो स्थान निर्धारित किये गये थे । कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस से पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और सिहोरा विधानसभा के मतदान दलों को तथा जबलपुर केंट, जबलपुर पश्चिम और पनागर विधानसभा के मतदान दलों को कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के भवन के पीछे स्थित मैदान से सामग्री का वितरण किया गया । कलेक्टर दीपक सक्सेना स्वयं सामग्री वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखे हुये थे । उन्होंने सभी वितरण केंद्रों पर जाकर सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया । पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह भी इस दौरान उनके साथ थे । श्री सक्सेना सामग्री वितरण के दौरान मतदान कर्मियों से भी रू-ब-रू हुये, उनका हौसला बढ़ाया और सफलता पूर्वक मतदान कराने शुभकामनाएं दी । मतदान कर्मियों ने सामग्री वितरण व्यवस्था की तारीफ करते हुये कलेक्टर से कहा कि इससे उनमें उत्साह का संचार हुआ है और मनोबल भी बढ़ा है । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में मतदान दलों को सामग्री वितरण करने विधानसभा वार बड़े-बड़े पण्डाल लगाये गये। मतदान दलों को मतदान सामग्री बांटने प्रत्येक मतदान केंद्र के लिये एक-एक टेबल लगाई गई, ताकि मतदान कर्मी आराम से बैठकर मतदान सामग्री प्राप्त कर सकें और इत्मीनान से उसका मिलान कर सकें । मतदान सामग्री के वितरण के लिये प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उतनी टेबल लगाई गई जितने उस क्षेत्र में मतदान केंद्र हैं । सामग्री वितरण के लिये बनाये गये पंडालों में बड़े-बड़े कूलर भी लगाये गये । सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दल भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ तैनात किये गये थे । मतदान दलों में नियुक्त कर्मचारियों और मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुँचाने में इस्तेमाल किये जाने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर तरीके से प्लान किया गया, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न आये और आवाजाही में किसी को भी परेशानी न हों । मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुँचाने 524 रुट निर्धारित किये गये हैं और इतनी ही छोटी-बड़ी बसों की व्यवस्था भी की गई । दो ट्रेक्टर और एक मोटरबोट का उपयोग भी मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में किया गया ।

महिला मंडल ने मनाया गौड़ ब्राह्मण उत्सव

जबलपुर। महिला मंडल द्वारा 18 अप्रेल को गौड़ ब्राह्मण उत्सव मनाया गया, जिसमें मंडल गनगौर की सभी महिलाओं ने अपना पारम्परिक राजस्थानी परिधान लहंगा-चुनरी, सोलह श्रृंगार कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी तारतम्य में गाजे-बाजे, नृत्य के साथ गनगौर का जुलुस भी निकाला गया, कान्ता सीठा, चाऊ शर्मा, लीना पचौरी, अनुजा, ममता एवं संगीता ने घूमर नृत्य कर चार चांद लगा दिये। अध्यक्ष श्रीमति रजनी उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया।

बड़े फुहारे में हवन सामग्री वितरण जारी

जबलपुर। बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अंतर्गत 19 अप्रैल से हनुमान जयंती 23 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से रात 9:00 बजे तक हवन सामग्री जिसमे 60 से अधिक अदभुत जड़ी बूटियों का संकलन है निशुल्क वितरण लगातार जारी रहेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया हवन करने से वातावरण शुद्ध के अलावा कीटाणुओं का नाश होता है सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया विशेष मुहूर्त में एक आहुति ओम औषधि स्वाहा की अवश्य करें जिससे रोगों से मुव्ति मिलेगी मनोकामना सिद्ध होंगी।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

जबलपुर। विश्व हिंदू परिषद विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अजय चौरसिया ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता है, इसी श्रृंखला में माँ नर्मदा जिला अंतर्गत गुप्तेश्वर प्रखंड आदि शंकराचार्य चौक पर राम दरबार की स्थापना एवं महाआरती की गई 17 अप्रैल को राम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जिला मंत्री राकेश सिंह, जिला संयोजक रोहित चौकसे, विशाल नामदेव, मोनू सबलोक, वीरेंद्र राजपूत, राजा जायसवाल, साहिल विश्वकर्मा, राहुल राजपूत, लकी सोनकर, गोल्डी राजपूत, डब्बू जैन, अनुज केशरवानी, नितिन एवं क्षेत्रीयजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

कृषि विवि में चल रहा शोध कार्य

स्टीविया की पत्तियां ब्लड शुगर को करती है नियंत्रित

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में औषधीय उद्यान में स्टीविया की खेती चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल औषधीय उद्यान प्रभारी डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी की देखरेख में स्टीविया की खेती की जा रही है। डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि स्टीविया की खेती किसानों की आय का स्त्रोत ही नहीं, बल्कि डायबिटीज के मरीजों के लिये शक्कर का वैकल्पिक स्त्रात होने के साथ-साथ ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है। भारत में आजकल हर तीसरा-चौथा व्यक्ति डायबिटीज, मोटापा जैसी घातक बीमारियों से ग्रसित होता जा रहा है। इसलिये ऐसे मरीजों के लिये शुगर का वैकल्पिक स्त्राsत एवं बीमारी से बचाव की आवश्यकता है। स्टीविया की पत्तियां शक्कर की तुलना में 20 से 25 गुना अधिक मीठी होने के कारण इसका व्यवसायिक उपयोग पूरे विश्व में बहुत तेजी से हो रहा है।

विदित हो कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा स्टीविया की उन्नत खेती प्रसंस्करण, मूल्य-संवर्धन एवं विपणन के क्षेत्र में शोध कार्य किये जा रहे हैं, साथ ही इसके उत्पादों का पेटेंट प्राप्त करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। दरअसल इसकी खेती के लिये मध्यप्रदेश के वो सभी क्षेत्र उपयुक्त हैं, जहां जल भराव की समस्या नहीं होंने के साथ-साथ सिंचाई की समुचित व्यवस्था है। स्टीविया की खेती से परंपरागत कृषि फसलों की तुलना में तीन गुना तक अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

श्री नव चण्डी महायज्ञ का समापन

जबलपुर। नव शक्ति मित्र मंडल, महिला मंडल एवं शक्तिनगर महाकाली समिति के तत्वावधान में श्री नव चण्डी महायज्ञ एवं शक्ति उपासना का आयोजन 9 से 17 अप्रैल तक प्राचीन माँ सिद्धी दात्री मंदिर 90 क्वाटर, शक्तिनगर में किया गया। नवमी पर पूर्णाहुति के साथ कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन हुआ। इसके बाद यज्ञ स्थल से जवारा चल समारोह निकला। पूजन आचार्य ज्ञानेन्द्र पाठक ने कराया। जवारे यात्रा में प्रशांत सिजरिया, गणेश तिवारी चंदन कोरी, किशोर सूर्यवंशी संदीप शर्मा अंकित श्रीवास्तव तनु सीताराम पांडे, हर्ष ठाकुर, हर्षित श्रीवास्तव, आशु नामदेव, छोटू सोनी, नवीन शर्मा, दीपक नाथ, हेमा मल्हार, अरुण वर्मा, रेखा माखन, कल्पना महाजन, श्यामा सूर्यवंशी, पवार आंटी, आरती तिवारी, रागिनी गुप्ता दीप्ती पाण्डे, नीता सीजारिया, रानी रामटेके, पिंकी दुबे, मीनू लाल, प्रिया चावला, नमीता लाल, काजल तिवारी, सरोज प्रधान, प्रीति तिवारी आदि शामिल रही।

स्वामी राघव देवाचार्य महाराज ने मतदान करने किया आग्रह

जबलपुर। जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य महाराज संस्कारधानी जबलपुर (म.प्र) ने भारत के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि चुनाव हमारे लोकतंत्र का महापर्व देश और प्रदेश को विकास और सुशासन के पद पर अग्रसर रखने का एक माध्यम है, इस पर्व में हम सब सहभागी बनें और अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान की तिथि पर मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें एवं अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करें और बदलते भारत, बढ़ते भारत को सशक्त एवं विकसित भारत निर्माण के लिए अपना योगदान प्रदान करें।

जवारा जुलूस

मझौली। चैत्र नवरात्रिः नवमीं के दिन श्रद्धा भाव भक्ति से जवारे कलश का विसर्जन किया गया। नगर में रखे हुए मुख्य मुख्य जगह पर रखें हुए दिवालों में रखें हुए जवारे का विसर्जन नगर के मुख्यमार्ग से होते हुए नगर से लगे हुए दुर्गा घाट तालाब में सभी जवारों का विसर्जन किया गया।

महावीर जयंती पर किया निराश्रितों को वस्त्र दान

जबलपुर। श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर सेंट्रल जेल सामने, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित स्वाधार होम संस्था में वस्त्र, बर्तन आदि दान कर पुण्य अर्जन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती साधना, राखी, रीता, आरती, ज्योति,रितु,नन्दा,भारती,सुषमा, निवेदिता जैन एवं अध्यक्ष मनोज जैन,सचिव,रावजि जैन,अरविंद जैन,सहित बड़ी संख्या में ग्रुप सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन अंशुमान शुक्ला एवं रितु जैन द्वारा संतोष लहरी एवं अजय जैन के सहयोग द्वारा की गई।

निधन

श्रीमती धना बाईं तिवारी-

जबलपुर, शहपुरा ग्राम टिकरी निवासी धना बाईं तिवारी का 89 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। आप राधेश्याम उपाध्याय की सास, गोविंद प्रसाद तिवारी की मां थी। अंतिम संस्कार सरस्वती घाट में संपन्न हुआ।

श्री रमेश- लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री रमेश (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री गुलाबराय जगत्यानी- गुडविल काम्पलेक्स नेपियर टाउन निवासी श्री गुलाबराय जगत्यानी (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री राम सेवक चौरसिया- वृंदावन गली दीक्षितपुरा निवासी श्री राम सेवक चौरसिया (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ओम प्रकाश- हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री ओम प्रकाश (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती शांति वर्मा- गली नं. 17, शांति नगर दमोहनाका रोड निवासी श्री महेश प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति वर्मा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रणवीर सिंह- अर्बन विला चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री रणवीर सिंह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती रतनमाला ठाकुर- रेलवे क्रासिंग के पास गुलौआ गढ़ा निवासी श्री लायक सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रतनमाला ठाकुर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रामकली- बिलहरी निवासी श्री गनेश राम की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज ५०/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x9 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x9 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

कलेक्टर व एसपी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जबलपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने गोहलपुर, मोतीनाला, हनुमानताल, रांझी, करौंदी आदि क्षेत्र में पहुंचकर मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया तथा मतदान दल से व्यदवस्थो व निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटर पर्ची के साथ फोटो युक्त मतदाता परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा।

मतदाता के पहचान के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्यत पहचान पत्र ला सकते है। इस दौरान उन्हों ने मतदान के पूर्व मॉकपोल करने, मतदान केन्द्रर में मोबाईल पूर्णतः प्रतिबंधित करने, ईव्हीएम के संचालन, वोटिंग कम्पार्टमेंट, मतदान दलों व निर्वाचन अभिकर्ता के बैठने की जगह आदि विभिन्नब विषयों पर मतदान दल के सदस्यन से चर्चा कर आवश्य क निर्देश दिये। इसके साथ ही सुरक्षा व्यनवस्थाब व मतदान दल के रूकने व भोजन आदि को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के एआरओ भी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

अशोक लेलैंड का वित्त के लिए साउथ इंडियन बैंक से करार

नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड लिमिटेड ने डीलरों के वित्तपोषण के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ साझेदारी की है। अशोक लेलैंड ने एक बयान में कहा, कंपनी ने बैंक के डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

मुथूट फाइनेंस की ईसीबी योजना को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज मुहैया कराने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने की योजना को मंजूरी दी है। बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई।

एमजी मोटर का ईवी चार्जिंग के लिए एप्सिलॉन से करार

नई दिल्ली। एमजी मोटर इंडिया ने ईवी चार्जिंग समाधान व बैटरी पुनर्चक्रण के लिए एप्सिलॉन समूह के साथ साझेदारी की है। साझेदारी के तहत मोटर वाहन विनिर्माता ने एप्सिलॉन समूह की दो अनुषंगी कंपनियों (चार्जिंग समाधान के लिए) पावर ईवी और (बैटरी पुनर्चक्रण के लिए) एलआईसीओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

एचडीएफसी लाइफ का लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। 2023-24 की कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी।

जेएनके इंडिया ने आईपीओ का दायरा किया तय

नई दिल्ली। हीटिंग उपकरण बनाने वाली कंपनी जेएनके इंडिया लिमिटेड ने अपने 650 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 395-415 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी के अनुसार, आईपीओ 23 से 25 अप्रैल तक खुलेगा। बड़े (एंकर) निवेशक एक दिन पहले 22 अप्रैल को बोली लगा पाएंगे।

इंस्टामार्ट को ऑनलाइन खुदरा मंच से जोड़ेगी स्विगी

नई दिल्ली। विभिन्न होटलों से खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाले ऑनलाइन मंच स्विगी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह स्विगी मॉल को सामान की त्वरित आपूर्ति करने वाले इंस्टामार्ट के साथ जोड़ेगा। ग्राहकों को किराने का सामान के अलावा व्यापक विकल्प देने के लिए यह पहल की गयी है। स्विगी मॉल फिलहाल बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में संचालित है। स्विगी ने इसके साथ ऑनलाइन खुदरा खंड में प्रवेश किया था। जिससे स्विगी मॉल आने वाले महीनों में बड़ा हो जाएगा।

विदेशी गेमिंग कंपनियों से 2.5 अरब डॉलर का जीएसटी नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने कहा कि विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़ी इकाइयां सरकारी खजाने को प्रति वर्ष 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचा रही हैं। संगठन ने सरकार से ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एआईजीएफ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोलैंड लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाएं अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वैध तथा अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते।

- ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने तत्काल कार्रवाई की मांग की

एसआरओ के लिए आवेदन

उद्योग से जुड़ी कुछ कंपनियों ने एसआरओ की स्थापना के लिए आवेदन किया था। लैंडर्स ने कहा कि एआईजीएफ को कंपनियों द्वारा दिए आवेदन पर कोई अद्यतन जानकारी नहीं मिली है।

एआईजीएफ ने कहा, सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहो

अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रम

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी इकाइयां अक्सर उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं और उपयोगकर्ता अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रमित हो जाते हैं। अवैध विदेशी सट्टेबाजी और जुआ मंच के खतरे पर कठोरता से अंकुश लगाया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए।

आईपीएल में जीएसटी व टीडीएस नहीं कटने का विज्ञापन

लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाओं ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में वृद्धि की है। उनमें से कुछ इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि उनके मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रहे हैं।

विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं है। एसआरओ जैसी संस्था द्वारा जांच से वैध और अवैध मंचों के बीच अंतर करने में मदद मिल सकती है।' सरकार ने एसआरओ लाने का प्रस्ताव रखा था लेकिन 90 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा नहीं किया जा सका।

एक साल में 12 अरब डॉलर एकत्र कर रहे

सीईओ ने कहा कि अवैध विदेशी इकाइयां उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुआ मंच एक साल में 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि एकत्र कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में कम से कम 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।'

कंपनी का परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना

इंफोसिस के पास 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे

पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 6128 करोड़ रहा था

इन्फोसिस का मुनाफा चौथी तिमाही में 30 प्रतिशत बढ़कर 7,969 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत लाभ 30 प्रतिशत उछलकर 7,969 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की जानकारी दी।

पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 6,128 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 37,923 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 37,441 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही इन्फोसिस ने कहा कि स्थिर विनिमय दर के आधार पर उसे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में 1-3 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।

परिचालन मार्जिन में बढ़ोतरी

वहीं परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना है। कंपनी ने बीती तिमाही में 20.1 प्रतिशत का परिचालन मार्जिन दर्ज किया जबकि समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 20.7 प्रतिशत रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 8.9 प्रतिशत बढ़कर 26,233 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 24,095 करोड़ रुपये था।

कंपनी शेयरधारकों को प्रतिशेयर 28 रुपए का लाभांश देगी

जेनरेटिव एआई में बढ़ी दक्षता

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, 'अब तक का सर्वाधिक सौदा मूल्य हासिल करना हमारे प्रति ग्राहकों के मजबूत भरोसे को दर्शाता है। जेनरेटिव एआई में हमारी दक्षता बढ़नी जारी है। हम ग्राहक कार्यक्रम पर काम कर रहे हैं और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, प्रक्रिया अनुकूलन और ग्राहक समर्थन पर प्रभाव डालने वाले बड़े भाषायी मॉडलों का लाभ उठा रहे हैं।'

परिचालन आय 4.7 फीसदी बढ़ी

वहीं कंपनी की समूचे वित्त वर्ष में परिचालन आय 4.7 प्रतिशत बढ़कर 1,53,670 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 में 1,46,767 करोड़ रुपये थी। इन्फोसिस ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में बड़े सौदों का कुल अनुबंध मूल्य अब तक के उच्चतम स्तर 17.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इनमें से 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे।

पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन को स्वीकृति

इस बीच इन्फोसिस के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शेयरधारकों को प्रति शेयर 20 रुपये का अंतिम लाभांश देने और आठ रुपये प्रति शेयर का विशेष लाभांश देने की सिफारिश की है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 से लेकर 2028-29 तक के पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन नीति को भी स्वीकृति दी।

जर्मन कंपनी इन-टेक का किया अधिग्रहण

इस दौरान रणनीतिक एवं परिचालन संबंधी नकदी जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इसके साथ ही इन्फोसिस ने 45 करोड़ यूरो (करीब 4,000 करोड़ रुपये) में जर्मनी की कंपनी इन-टेक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की भी घोषणा की है।

ये समाधान मुहैया कराती है कंपनी

पूरी तरह से नकदी में होने वाला यह सौदा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पूरा हो जाने की उम्मीद है। इन-टेक इलेक्ट्रिक परिवहन, स्वचालित ड्राइविंग और इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित तकनीकी समाधान मुहैया कराती है।

भारी उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। विश्लेषकों ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया।

- सेंसेक्स 455 अंक, निफ्टी 152 अंक टूटा
- कारोबार के दूसरे हिस्से में रही मुनाफावसूली

नेस्ले के शेयर टूटे

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए।

इनमें रही घट-बढ़ : इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए।

निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक पर वायदा अनुबंध 24 अप्रैल से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 24 अप्रैल से 'निफ्टी नेक्स्ट 50' सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प अनुबंधों की शुरुआत करेगा। निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक एनएसई पर सूचीबद्ध शीर्ष 50 कंपनियों के सूचकांक 'निफ्टी 50' से आगे की 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

इन दोनों सूचकांकों को मिलाकर निफ्टी की शीर्ष 100 कंपनियों का वर्गीकरण होता है। एनएसई ने एक बयान में कहा कि उसे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से 'निफ्टी नेक्स्ट 50' सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प अनुबंध के लिए मंजूरी मिल गई है और 24 अप्रैल से इन अनुबंधों की पेशकश की जाएगी। इसके तहत एनएसई तीन क्रमिक मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्रों की पेशकश करेगा। नकद निपटान वाले वायदा एवं विकल्प अनुबंध सौदों की समाप्ति महीने के अंतिम शुक्रवार को होगी।

- सूचकांक निफ्टी 50 से आगे की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है
- दोनों सूचकांकों को मिलाकर निफ्टी की शीर्ष 100 कंपनियों का वर्गीकरण

सूचकांक डेरिविटिव उत्पाद समूह का पूरक

एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा, 'निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प अनुबंध की शुरूआत मौजूदा सूचकांक डेरिवेटिव उत्पाद समूह का पूरक होगी।' मार्च 2024 तक, सूचकांक में 23.76 प्रतिशत भारांश के साथ वित्तीय सेवा क्षेत्र का शीर्ष प्रतिनिधित्व था। इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत उत्पाद क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का प्रतिनिधित्व था।

सोना 250 रुपए टूटा, चांदी अपरिवर्तित

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में आई गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 250 रुपये टूटकर 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की गिरावट को दर्शाता है।' हालांकि, चांदी की कीमत 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। 'रामनवमी' के मौके पर बुधवार को सराफा बाजार बंद था। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 13 डॉलर कम है।

निसान ने डोर हैंडल सेंसर ठीक करने मैग्नाइट वापस मंगाये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन कंपनी निसान मोटर इंडिया नवंबर 2020 और दिसंबर 2023 के बीच बनी मैग्नाइट गाड़ियों को वापस मंगा रही है। 'फ्रंट डोर हैंडल सेंसर' में गड़बड़ी को ठीक करने के लिए कंपनी ने यह कदम उठाया है। हालांकि, कंपनी ने यह जानकारी नहीं दी कि कितनी इकाइयों में गड़बड़ी पाई गई हैं। मोटर वाहन विनिर्माता ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी। बेस एक्सई और मिड एक्सएल संस्करणों के लिए यह पहल की गयी है। इस गड़बड़ी से ग्राहकों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ता है। दिसंबर 2023 के बाद बनाई गई सभी निसान मैग्नाइट इकाइयां एकदम सही हैं। कंपनी प्रभावित वाहनों के मालिकों को सूचित करना शुरू करेगी और उन्हें आश्वासन देगी कि वे अपने वाहनों का इस्तेमाल बिना किसी रुकावट के कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, ग्राहक अपने निकटतम अधिकृत निसान सर्विस सेंटर में जा सकते हैं, जहां सेंसर को निःशुल्क सही कराया जा सकता है।

- ग्राहक अधिकृत निसान सर्विस सेंटर में सेंसर को निःशुल्क सही कराया जा सकता है

हिंदुस्तान जिंक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी...

नई दिल्ली। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान स्थित उसकी सिंदेसर खुर्द खान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक खान बन गई है। पिछले साल यह चौथे स्थान पर थी। हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेबर ने कहा कि चांदी वैश्विक ऊर्जा संप्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हिंदुस्तान जिंक के उत्पादन में सालाना पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका श्रेय अयस्क उत्पादन में वृद्धि और उन्नत ग्रेड को जाता है, जिससे वैश्विक चांदी बाजार में एक प्रमुख कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। जस्ता, सीसा और चांदी के कारोबार में वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक और अब तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी के पास भारत में बढ़ते जस्ता बाजार में 75 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इसका मुख्यालय उदयपुर में है। इसकी जस्ता, सीसा खदानें और गलाने के परिसर पूरे राजस्थान में फैले हुए हैं।

एचएमएसआई की नई इंजन असेम्बली लाइन हुई शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दोपहिया वाहन विनिर्माता होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने गुरुग्राम के मानेसर स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में नई इंजन असेम्बली लाइन शुरू की है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मानेसर में स्थित उसके वैश्विक संसाधन संयंत्र में लगी नई असेंबली लाइन की क्षमता प्रतिदिन 600 इंजन के विनिर्माण की है। इस असेंबली लाइन के जरिये कंपनी 'कम्प्लीटली नॉक्ड डाउन' (सीकेडी) निर्यात पर नजरें टिकाए हुए है। सीकेडी निर्यात के तहत उत्पाद की आपूर्ति अलग-अलग कलपुर्जों के रूप में की जाती है और उन्हें गंतव्य स्थल पर असेम्बल किया जाता है। यह असेंबली लाइन दुनिया भर में ग्राहकों की विविध जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए 110 सीसी से 300 सीसी तक के इंजन मॉडलों का उत्पादन करने के लिए सुसज्जित है। वर्तमान में एचएमएसआई यूरोप, मध्य और लातिन अमेरिका, पश्चिम एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षेस देशों में फैले 58 बाजारों को निर्यात करती है।

- मानेसर संयंत्र के नई लाइन की 600 इंजन प्रतिदिन की क्षमता

निर्यात क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी
कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुत्सुमू ओटानी ने कहा कि इस असेंबली लाइन के शुरू होने से कंपनी को अपनी निर्यात क्षमता बढ़ाने और बाजार प्रसार में मदद मिलेगी।

लागत में कमी करने के लिए की जा रही छंटनी

गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार, कंपनी मंदी से जूझ रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

इन देशों में भेजे जाएंगे कर्मचारी छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। साफ है कि कंपनियां आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही हैं।

- कुछ कर्मचारियों को भारत समेत इन देशों में भेजा जा रहा

इन विभागों के कर्मचारियों पर चली तलवार

एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल के रियल एस्टेट और वित्त विभागों की कई टीमों के कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित वित्त टीमों में गूगल ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशन्स शामिल हैं। इतना ही नहीं, गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने अपने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन में बेंगलुरु, मैक्सिको सिटी और डबलिन में विकास का विस्तार शामिल है।

पहले ही किया था आगाह

ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है जब कंपनी ने कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, क्योंकि कंपनी ने निवेश बढ़ाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पेशकश की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में कर्मचारियों से नौकरियों में कटौती किए जाने को लेकर पहले ही आगाह कर दिया था।

अल्टम क्रेडो ने जी3 पार्टनर्स से चार करोड़ डॉलर जुटाए

मुंबई। अल्टम क्रेडो ने वित्त पोषण चक्र में जी3 पार्टनर्स तथा अन्य से चार करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 332 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। जी3 पार्टनर्स और निवेशक ओइकोक्रेडिट ने वित्त पोषण चक्र का नेतृत्व किया। कंपनी ने एक बयान में कहा गया कि 'सीरीज सी' चक्र में ताजा इक्विटी में 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 'सीरीज ए' में निवेशकों के लिए 1.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। पुणे मुख्यालय वाली कंपनी प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़ाने के लिए नई पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। मार्च 2024 तक कंपनी की एयूएम 830 करोड़ रुपये थी।

चिंतन

वैश्विक तनाव के दौर में सतर्क रहे भारत

पहले चरण के चुनाव और ईरान व इजराइल के बीच शुरू जंगी तनाव के बाद से भारतीय शेयर बाजार और सर्राफा बाजार ने उतार-चढ़ाव वाली प्रतिक्रिया दी है। शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है तो सर्राफा बाजार में तेजी देखी जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इसके लिए अंतिम दिनों में प्रचार अभियान के दौरान सियासी दलों का पारा बेशक गर्म रहा, लेकिन भारतीय शेयर बाजार में उतार जारी रही है। भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। लोकसभा चुनाव, ईरान व इजराइल के बीच युद्ध जैसा तनाव, नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी के चलते शेयर बाजार में बिकवाली जारी है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से भी कारोबारी धारणा निगेटिव रूप से प्रभावित हो रही है। अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट का चक्र चल रहा है। सेंसेक्स में चार दिन से जारी तेज गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई मानक सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के ऐतिहासिक आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है। इसके उलट सोने का भाव एतिहासिक रूप से बढ़ रहे हैं। ईरान व इजराइल के बीच जंगी तनाव शुरू होने के बाद से सोने भाव 11 हजार रुपये प्रति दस ग्राम तक बढ़ चुके हैं, यहा दिखाता है कि निवेशकों में कितनी घबराहट है। दरअसल, जब वैश्विक स्तर पर किसी संकट के गहराने की आशंका प्रबल होती है तो निवेशकों का रुख बदलने लगता है, वह शेयर बाजार से विमुख होकर सोने में निवेश शुरू कर देता है। यही कारण है कि शेयर बाजार में गिरावट दर्ज होने लगती है और सर्राफा बाजार में तेजी आने लगती है। इस समय वैश्विक स्तर पर भूराजनीतिक तनाव अपने चरम पर है। रूस व यूक्रेन जंग तीसरे वर्ष में जारी है, हमास व इजराइल के बीच जंग चल ही रही है, ईरान ने ड्रोन व मिसाइल से हमले कर इजराइल के खिलाफ नया मार्चा खोल दिया है, अब इजराइल बदले की ताक में है। वैश्विक रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञ इस स्थिति को विस्फोटक मान रहे हैं, वे आशंका जता रहे हैं कि कहीं यह तीसरे विश्व युद्ध का रूप न ले ले। इसके पीछे सोच यह है कि इन युद्धों के चलते दुनिया दो ध्रुवों में विभाजित होती जा रही है, धीरे-धीरे युद्ध में प्रत्यक्ष वा अप्रत्यक्ष देशों की संख्या बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र जिस तरह कमजोर संस्था बन रह गई है, और वह वैश्विक संघर्ष को कम करने में विफल साबित हो रही है, उससे तीसरे विश्व युद्ध जैसे हालात उत्पन्न होने की आशंका प्रबल होती जा रही है। जो अमेरिका वैश्विक शांति व सुरक्षा में बढ़चढ़ कर भूमिका निभाता रहा है, इजराइल प्रेम व ईरानी दुश्मनी के चलते खुद ही संघर्ष में लिप्त होता जा रहा है। भारत बेशक तटस्थ है, लेकिन वैश्विक स्थिति का उस पर भी प्रभाव अवश्य पड़ेगा। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था के चलते सबसे अधिक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भारतीय शेयर बाजार ने रिएक्ट करना शुरू कर दिया है। चूंकि भारत विकास पथ पर है, उसके विकसित अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प हैं, इसलिए भारत को अत्यधिक सतर्क रहना होगा।

इजराइल-ईरान तनाव

प्रभात कुमार रॉय

मध्य पूर्व में अमन कायम हो

ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को जबरदस्त तौर पर फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए बेशुमार दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं।

यक्ष प्रश्न है कि ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को जबरदस्त तौर पर फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए बेशुमार दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं। इजराइल और हमास के मध्य जारी संघर्ष के इस दौर में इजराइल द्वारा सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक आक्रमण किया, जिसमें कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के दो जनरल तथा अनेक सैन्य अधिकारियों सहित 13 ईरानी हलाक हो गए थे। इन सैन्य अधिकारियों में ईरान की कुद्स फोर्स के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रेजा जाहेदी भी शामिल थे। कुद्स फोर्स ईरान के इलीट सैन्य फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स का ईरान से बाहर सैन्य कार्यवाही अंजाम देने वाला सैन्य दस्ता है।

हालांकि इजराइल ने अभी तक कदाचित यह नहीं कबूल किया है कि उसने ही दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक हमला किया था। इस आक्रमण के प्रतिशोध में ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन विमानों तथा ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों से सीधा धावा बोल दिया। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमण में इजराइल को बहुत कम नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि इजराइल ने दावा किया है कि ईरान द्वारा दागी गई 90 प्रतिशत ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। हालांकि इस जवाबी हमले में ईरान ने अपनी सैन्य क्षमता का बहुत कम प्रयोग किया, क्योंकि ईरान केवल सांकेतिक तौर पर इजराइल को यह पैगाम देना चाहता था कि वह इजराइल के विरुद्ध सीधा सैन्य आक्रमण अंजाम दे सकता है। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स वस्तुतः सीरिया के माध्यम से ही हिजबुल्लाह तंजीम के लिए हथियार और सैन्य साज़ो सामान भेजा करते हैं। इनमें मिसाइलें और रॉकेट आदि शामिल रहे हैं। इजराइल इन हथियारों की आपूर्ति को रोकने की सदैव कोशिश में रहा है। साथ ही वह सीरिया में ईरान की सैन्य ताक़त को मज़बूत होता भी नहीं देखना चाहता। यदि हम अतीत पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो फिर यह ज्ञात होता है कि वर्ष 1979 तक ईरान और इजराइल एक दूसरे के जबरदस्त सहयोगी देश बने रहे थे, किंतु 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति संपन्न हो जाने के पश्चात एक दूसरे के दुश्मन देश बन गए हैं। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए इस आक्रमण से पहले भी दोनों ही देश एक दूसरे पर अप्रत्यक्ष तौर पर आक्रमण करते रहे हैं, लेकिन इन आक्रमणों में प्रायः एक दूसरे के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाता रहा था, दोनों देशों ने कभी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली। अभी तक ईरान ने इजराइल के अस्तित्व को बाकायदा कूटनीतिक तौर पर स्वीकार नहीं किया है।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई फरमाते हैं इजराइल एक कैंसर का ट्यूमर है और उसे पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। इजराइल हुकूमत बयान करती कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए बहुत गंभीर खतरा बना हुआ है। इजराइल हुकूमत इल्जाम आयद करती है कि ईरान फिलिस्तीनियों को हथियारबंद करता रहता है, लेबनान को फंडिंग करता है और हथियार फराहम कराता है। इजराइल का इल्जाम है कि ईरान गुप्त तौर पर परमाणु हथियार निर्मित कर रहा है, जबकि ईरान न्यूक्लियर बम बनाने से एकदम स्पष्ट इनकार करता है। मध्य-पूर्व में अमेरिका और इजराइल के हितों को चुनौती देने के लिए ईरान ने सहयोगियों का एक शक्तिशाली नेटवर्क निर्मित कर लिया है। ईरान किसी न किसी स्तर पर इन सहयोगियों का मदद करता रहता है। हकीकत बयान करती है कि इजराइल के पास परमाणु हथियार विद्यमान हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर इजराइल इसे स्वीकार नहीं करता है और ईरान परमाणु बम निर्मित कर पाने की क्षमता से कुछ कदम ही दूर है। इजराइल हमेशा ही ईरान के साथ किसी भी तरह के समझौते का विरोधी रहा है। सीरिया वस्तुत ईरान का सबसे बड़ा सहयोगी देश रहा है। रूस की मदद से ईरान ने सीरिया में बशर अल-असद की सरकार की निरंतर इमदाद और हिमायत की है। एक दशक से चल रहे गृह युद्ध के बावजूद बशर अल-असद रूस और ईरान की सक्रिय इमदाद से सीरिया के राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। यूक्रेन युद्ध के दौर में ईरान द्वारा रूस को भारी संख्या में ड्रोन विमान प्रदान किए जा रहे हैं। विश्व राजनीति के पटल पर एक दफा पुनः परस्पर विरोधी दो शक्तिशाली सैन्य गुटों का उदय हो चुका है और दुनिया के दरवाजे पर एक और कोल्ड वॉर बाकायदा दस्तक दे चुकी है। एक तरफ अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य संधि के राष्ट्र हैं तो दूसरी तरफ चीन, रूस, ईरान, नार्थ कोरिया, सीरिया, लेबनान, यमन, क्यूबा आदि राष्ट्र एकजुट हैं। इजराइल को ईरान के विरुद्ध सीधी सैन्य कार्यवाही अंजाम देने से अमेरिका द्वारा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिका को प्रबल आशंका है कि इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध जवाबी सैन्य कार्यवाही से युद्ध का विकट विस्तार हो सकता है। विश्व पटल पर ईरान अब अकेला और अलग थलग देश नहीं रह गया है, वरन रूस और चीन सरीखी प्रबल सैन्य शक्तियों का समर्थन ईरान के साथ सन्नद हो चुका है। चीन द्वारा सऊदी अरब और ईरान के मध्य कूटनीतिक मित्रता स्थापित करने का समुचित प्रयास किया जा रहा है। यूक्रेन युद्ध में दो वर्षों से निरंतर उलझा हुआ अमेरिका कदाचित नहीं चाहता है कि उसके लिए जंग का एक नया मोर्चा अभी और खुल जाए, इजराइल वस्तुतः अमेरिका के समर्थन और सैन्य सहयोग के अभाव में ईरान से कदापि सीधे युद्ध करने की हिम्मत कदाचित नहीं जुटा सकता है। दरअसल जब तक फिलिस्तिनियों को खुदमुख्तार और आजाद राष्ट्र नहीं हासिल हो जाएगा तब तक मध्यपूर्व में शांति स्थापित नहीं हो सकेगी। पश्चिम के नॉटो राष्ट्रों ने फिलीस्तिनियों के साथ घनघोर अन्याय किया है। अमेरिका की कयादत में नॉटो राष्ट्रों द्वारा इजराइल का अन्ध समर्थन किया जाता रहा है और फिलिस्तिनियों के वाजिब हक की उपेक्षा की जाती रही है। वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट द्वारा नवनिर्मित राष्ट्र इजराइल को 55 फीसदी और फिलिस्तिनियों को 45 फीसदी जमीन पर हक प्रदान किया गया। जबकि आजकल फिलिस्तिनियों पास केवल 15 फीसदी जमीन रह गई है। विगत अक्तूबर से गाजा में इजराइल द्वारा जो जुल्म बच्चों और महिलाओं को कत्ल औ गारद अंजाम देकर ढाया जा रहा है। मानवाधिकारों का ढोल पीटने वाले पश्चिमी देश एकदम खामोश बने हुए है। फिलिस्तीन समस्या के समुचित और न्यायपूर्ण निदान के बिना मध्यपूर्व में शांति और अमन की स्थापना नहीं की जा सकेगी और विनाशकारी युद्ध की आशंकाएं निरंतर कायम बनी रहेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

आम चुनाव

विवेक शुक्ला

पूर्वोत्तर भाजपा के लिए क्यों अहम

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में 19, 26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटों पर जीत मिली थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। गृहमंत्री ने सभा में कहा, 'हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।' पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें, अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नगालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर हैं। इस बीच, एक खबरिया चैनल के मुताबिक, 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं, बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है. वहीं, नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं। इस बीच, पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6,600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था। पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशा निर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर, राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी. वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं, दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। बेशक, इसके गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एमपी बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेडिट यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। बहरहाल, भाजपा को अगर 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है, तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज

संकलित

प्रेरणा

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

मृत्यु अटल, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे

संकलित

दर्शन

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

सटाका

आज की पाती

कुप्रथा का अंत कैसे होगा

दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना। भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। हमारे देश में दहेज कुप्रथा अभी भी पैर पसारे हुए है। हमारे राज्य में भी इस कुप्रथा का चलन कोई कम नहीं है। यहां भी दहेज लेने-देने की रूढ़िवादी परंपरा गरीबों के लिए अभिशाप बनी हुई है। दहेज के बहुत से रूप हैं, सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ। शादी के समय वधू पक्ष की तरफ से वर पक्ष के रिश्तेदारों को कपड़े, कंबल आदि सामान देने की रूढ़िवादी रीत चली हुई है। वर पक्ष जब वधू पक्ष के घर पर बारात लेकर पहुंचते हैं तब मिलनी कराने के नाम पर भी दहेज दी जाती है। *– ज्योति पाठक, रायगढ़*

ट्रेंड

रिफॉर्म, परफॉर्म पर जोर

भारत का पूरा जोर रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर है। विकास के प्रति हमारा दृष्टिकोण भविष्यवादी है और इसका उद्देश्य एक बेहतर और अधिक टिकाऊ ग्रह का निर्माण करना भी है। हम इसके लिए पूरी शिद्दत से प्रयास में जुटे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रसन्नता विचार सापेक्ष

जब मनुष्य के पास सद्विचारों का प्रकाश आता है, तो उसे शाश्वत आह्लाद की संप्राप्ति होती है।आनंद का अर्थ है, प्रसन्नता, शांति, स्फूर्ति, उमंग और उल्लास का आना। प्रसन्नता वस्तु और पदार्थ सापेक्ष नहीं अपितु विचार सापेक्ष है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

क्रांतिकारी कदम होगा

कांग्रेस ने कर्नाटक में हर गरीब महिला के खाते में हर महीने 2000 रुपये डाल कर दिखाया। अब पूरे देश की गरीब महिलाओं के खाते में हर माह 8500 रुपये डालकर दिखाएगी। महालक्ष्मी योजना करोड़ों 'क्रांतिकारी कदम' बनने जा रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

बुनियादी जरूरतों का होना खुशी

हम में से बहुत से लोग कहते हैं कि पैसे से खुशी नहीं खरीदी जा सकती, लेकिन पैसे से भोजन खरीदा जा सकता है, आवास खरीदा जा सकता है, स्वास्थ्य बिल चुकाए जा सकते हैं, फीस भरी जा सकती है, इन बुनियादी जरूरतों का होना खुशी है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर

यूएन का सदस्य बन जाएगा फिलिस्तीन?

मान्यता को लेकर फिलिस्तीन के लिए शुक्रवार बड़ा दिन साबित होने वाला है। खबर है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के लिए मतदान होने जा रहा है। हालांकि, यह राह पूरी तरह से आसान नहीं है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अमेरिका की तरफ से इसे वीटो किया जा सकता है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब इजरायल और हमास के बीच गाजा में जारी जंग 6 महीने से जारी है। रॉयटर्स के अनुसार, राजनयिकों का कहना है कि फिलिस्तीन की यूएन में पूर्ण सदस्यता के लिए अनुरोध पर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 15 सदस्यीय परिषद दोपहर 4 बजे उस मसौदा प्रस्ताव पर मतदान करेगी, जिसमें 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा से सिफारिश की गई है कि फिलिस्तीन को यूएन की सदस्यता दी जाए। अब खास बात है कि प्रस्ताव को पास होने के लिए पक्ष में कम से कम 9 मतों की जरूरत है। साथ ही अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस या चीन इसपर वीटो न करें। काउंसिल के सदस्य अल्जीरिया ने मसौदा प्रस्ताव पेश किया था और गुरुवार को मिडिल ईस्ट पर सुरक्षा परिषद की बैठक साथ मतदान करने का अनुरोध किया था।

ऑफ बीट

क्या एआई हमारे दिमाग को पढ़ सकता है? शायद नहीं

इस साल की शुरुआत में, न्यूरालिंक ने 29-वर्ष के एक अमेरिकी युवक नोलैंड आर्बॉघ, जो कंधे से नीचे तक लकवाग्रस्त है, के मस्तिष्क में चिप प्रत्यारोपित किया था। चिप ने आर्बॉघ को माउस पॉइंटर को स्क्रीन पर घूमने की कल्पना मात्र से स्थानांतरित करने में सक्षम बना दिया है। मई 2023 में, अमेरिकी शोधकर्ताओं ने जेनेरिक एआई के संयोजन में मस्तिष्क स्कैन से किसी के मन में आने वाले शब्दों को 'डीकोड' करने के लिए एक गैर-आक्रामक तरीके की भी घोषणा की। इसी तरह की एक परियोजना ने 'दिमाग पढ़ने वाले एआई हैट' का जिक्र करके सुर्खियां बटोरीं। क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ सकते हैं''? क्या वह दिन आ रहा है जब कंप्यूटर किसी के भी पढ़ने के लिए हमारे विचारों की सटीक वास्तविक प्रतिलिपि तैयार कर सकेंगे? ऐसी तकनीक के कुछ लाभ हो सकते हैं – विशेष रूप से ग्राहक लक्ष्यीकरण डेटा के नए स्रोतों की तलाश करने वाले विज्ञापनदाताओं के लिए – लेकिन यह गोपनीयता के अंतिम गढ़ को ध्वस्त कर देगा : हमारे अपने दिमाग का एकांत। हालाँकि, इससे पहले कि हम घबराएँ, हमें यह पूछना बंद कर देना चाहिए : क्या तंत्रिका प्रत्यारोपण और जनरेटिव एआई वास्तव में ''दिमाग पढ़ने'' का काम कर सकते हैं?

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कसा तंज

कांग्रेस का 'राहुलयान' न लॉन्च हो पाया न लैंड... पिछली बार अमेठी में हार के बाद उनमें वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं

एजेंसी ▶▶| पत्तनमथिट्टा/केरल

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के साणंद में रोडशो निकाला। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल के कासारगोड, वडकारा, कन्नूर, पत्तनमथिट्टा, मावेलीक्करा, कोल्लम क्षेत्र में ताबड़तोड़ रैलियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने असम के गोलपारा और कोकराझार में जनसभा को संबोधित किया। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से सांसद राहुल गांधी ने केरल के कन्नूर में चुनावी सभा को संबोधित किया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। केरल के पत्तनमथिट्टा में भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। उन्होंने कहा कि राहलु 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, इसलिए उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। राजनाथ ने कहा कि राहुल गांधी अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है। राजनाथ ने कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्षों में भी 'लॉन्च' नहीं हो पाए।

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने केरल की एक चुनाव रैली में कांग्रेस के राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी में राहुल अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं।

एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति, उनकी अपनी मजबूरियां

कांग्रेस के युवा नेता 20 वर्षों में भी लॉन्च नहीं हो पाए

राजनाथ सिंह ने केरल में की ताबड़तोड़ रैलियां

पिता होने के नाते बेटे को दें आशीर्वाद

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं जानता हूं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है। उन्होंने कहा कि भले ही एके एंटनी अपने बेटे को वोट न दें या उनके लिए वोट नहीं मांगे, लेकिन आप उनके पिता हैं और इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो। केरल में लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

वामपंथी कुप्रबंधन के कारण केरल में हालात खराब

सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और कांग्रेस नीत एलडीएफ की सरकारों के कारण केरल की हालत खराब है। उन्होंने लोगों से भाजपा को सशक्त बनाने का आग्रह किया। सिंह ने केरल की आर्थिक समस्याओं के मुद्दे पर भी एलडीएफ पर हमला किया और कहा कि ये वामपंथी प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण पैदा हुई हैं, उच्चतम न्यायालय ने भी इस बात को माना है।

शाह का साणंद में मेगा रोड शो

नरेंद्र मोदी को फिर से बनाएं प्रधानमंत्री

अहमदाबाद। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के साणंद में रोडशो निकाला। इसी संसदीय क्षेत्र से वह लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन में खड़े अमित शाह ने एपीएमसी चौक से नालसरोवर चौक तक इस रोडशो के दौरान बड़ी संख्या में जुटे लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। शाह ने अहमदाबाद के साणंद के बाद, गांधीनगर जिले के कलोल शहर और अहमदाबाद के वेजालपुर क्षेत्र में रोडशो करने के बाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि मैं अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के भाइयों और बहनों से देश को हर क्षेत्र में नंबर वन और गांधीनगर को देश के सबसे विकसित लोकसभा क्षेत्रों में से एक बनाने हेतु फिर एक बार कमल खिलाने और मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करता हूं।

6 किलोमीटर पैदल चलकर आएंगे वोटर

सुकमा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट वोटिंग होगी। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्रों कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सामसट्टी में मतदान चुनौतीपूर्ण होगा। क्योंकि, मतदान केंद्र तक आने के लिए मतदाताओं को 6 किमी पैदल चलकर आना होगा। यहां सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही वोटिंग होगी। यह घोर नक्सली इलाका है। यहां कुल मतदाता 614 है। इनमें 342 महिला और 272 पुरुष वोटर हैं।

विपक्षी गठबंधन डरा-धमका रहा: भाजपा

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों के नेता 'डराने-धमकाने' की राजनीति कर रहे हैं और निर्वाचन आयोग को विपक्षी नेताओं के हालिया बयानों का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता नजरुल इस्लाम ने पिछले दिनों "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 फुट नीचे दफनाने की खुलेआम धमकी दी थी।'

महबूबा मुफ्ती ने नामांकन दाखिल किया

अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। पार्टी के कई नेताओं और सैकड़ों समर्थकों के साथ महबूबा अनंतनाग के उपायुक्त और निर्वाचन अधिकारी सैयद फखरुद्दीन के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं।

मोदी सरकार के कार्यकाल में ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका: नड्डा

कोकराझार (असम)। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर को 'अलग-थलग' रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के कारण ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को अलग-थलग और अंधेरे में रखना थी। यह मोदी और हिमंत विश्व शर्मा की सरकारें हैं जिन्होंने आपको देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में काम किया। मोदी शासन के तहत विशेष रूप से बोडो उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों हुए।

रवि किशन करवाएं डीएनए टेस्ट तभी खत्म होगा विवाद

सोमवार को अपर्णा ठाकुर नाम की एक महिला ने भोजपुरी स्टार और गोरखपुर से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के अपनी बेटी का पिता होने का दावा किया था। अपर्णा ठाकुर का कहना था कि उनकी 25 साल की बेटी शिनोवा, रवि किशन की बेटी है। शिनोवा ने कहा है कि इस विवाद को खत्म करने के लिए रवि किशन का पैटरनिटी टेस्ट करवाया जाए। बता दें, रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा और उनकी बेटी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल

कन्नूर (केरल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। भाजपा इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग-अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है। राहलु कन्नूर से चुनाव लड़ रहे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरण और कासरगोड से उम्मीदवार राजमोहन उन्निथन के लिए प्रचार कर रहे थे।

सुनेत्रा पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया

बारामती। अजित पवार की पत्नी और बारामती सीट से एनसीपी की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के दौरान महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले मौजूद थे।

खबर संक्षेप

बृजभूषण के खिलाफ आदेश स्थगित किया

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के सांसद

बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी।

'जय श्री राम' बोलने पर किया हमला

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर

तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं।

परांठे पर टैक्स का मामला हाई कोर्ट पहुंचा

तिरुवंतपुरम। केरल हाई कोर्ट में लच्छा पराठा पर ज्यादा जीएसटी को लेकर एक याचिका हाई कोर्ट

पहुंची। अदालत में इस मसले पर जोरदार बहस भी हुई। सुनवाई में अदालत ने पाया कि पराठे जिन सामग्रियों से तैयार हो रहे हैं, उन पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इस पर अदालत ने फैसला सुनाया कि ऐसे में पराठे पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना गलत है।

रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में पथराव को लेकर शुभेंदु अधिकारी की गवर्नर को चिट्ठी

हमारा दफ्तर जलाने की हुई कोशिश एनआईए करे जांच, स्थितियां बेकाबू

एजेंसी ▶▶| मुर्शिदाबाद

मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर इलाके में रामनवमी के जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को रामनवमी पर हुई झड़प को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि नंदीग्राम में भाजपा का दफ्तर जला दिया गया। बता दें, रामनवमी के दिन जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है।

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषणों से रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुई। इसकी मांग एनआईए से करते हुए उन्होंने राज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।

चुनाव आयोग सीएम ममता बेनर्जी पर करे कार्रवाई

शोभायात्रा पर बरसाए गए हैं पत्थर

रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषण की वजह से पश्चिम बंगाल राज्य में अलग-अलग जगहों पर रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया। उपद्रवियों को उकसाया गया। उपद्रवियों को आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं।

कानून व्यवस्था को नियंत्रित करें

अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में जानकारी दी। उनसे कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने के साथ-साथ घटनाओं की जांच एनआईए जांच करने का आग्रह किया।

पूर्वी मेदिनीपुर में हुई हिंसा

रामनवमी के अवसर पर केवल मुर्शिदाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में भी हिंसक झड़प देखने को मिली थी। यहां पर हुई हिंसा में तकरीबन 4 लोग घायल हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए गए।

ईडी ने अदालत से कहा

केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद खा रहे आम व मिठाई

ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए कर रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च चीनी वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह दावा किया। उधर, आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है।

ईडी ने कहा कि टाइप 2 डायबिटीज होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। वह प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं।

सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गुरुवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

खान ईडी के सामने पेश

आप के विधायक अमानतुल्ला खान को धन शोधन संबंधी एक मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुईं कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में अग्रिम जमानत देने से इंकार के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया।

दिल्ली हवाई अड्डे पर दो गिरफ्तार

1.21 करोड़ रुपए का सोना बरामद, तस्करी का शक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपए मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए सोने का वजन 1.89 किलोग्राम है।

जानकारी के मुताबिक, जेद्दा से आए आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान रबर जैसी चीज में लिपटे पीले रंग के रासायनिक पेस्ट वाले तीन अंडाकार कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें सोना होने का संदेह था।

सोने की ईंट बरामद की

कैप्सूल को बाहर निकालने के बाद यात्री के पास से एक असमान आकार की सोने की ईंट बरामद की गई, जिसका वजन 917.3 ग्राम था। इस ईंट का मूल्य 59.81 लाख रुपए है। एक दूसरे मामले में सोमवार को जेद्दा से आये एक अन्य यात्री को रोका गया। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान उसके शरीर से तीन अंडाकार आकार के कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें पेस्ट के रूप में सोना होने का संदेह था।

तेलंगाना के मिशनरी स्कूल में बढ़ा विवाद

छात्रों के भगवा कपड़े पहनकर आने पर प्रवेश की नहीं दी इजाजत

गुस्साए लोगों ने जमकर की तोड़फोड़, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना के मंचेरियल जिले के एक मिशनरी मंडली के द्वारा स्कूल में भगवा रंग के कपड़े पहनकर आए छात्रों को रोक दिया गया था। जब इस बात की जानकारी लोगों को लगी तो वे भड़क गए। लोगों की नाराज भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की। यह घटना 16 अप्रैल को उत्तरी तेलंगाना जिले के कन्नेपल्ली गांव में लक्सेटिपेट के सेंट मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई।

मंचेरियल के डीसीपी ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे थे। पेपर के बाद प्रिंसिपल ने कहा कि वे वर्दी पहनकर आएं और अगर वे भगवाधारी कपड़े पहनना चाहतें हैं तो उन्हें इस बात की इजाजत लेनी होगी। इस बात पर लोग भड़क गए। पहले भी प्रिंसिपल के खिलाफ कुछ शिकायतें थीं और यह बात ज्यादातर लोग जानते थे।

पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस ने स्कूल प्रशासन पर आईपीसी की धारा 153ए और 295-ए के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, तोड़फोड़ करने वालों पर आईपीसी की धारा 323, 427, 452, 506 और 143 के साथ 149 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश

स्कूल प्रशासन ने अपनी शिकायत में कहा कि मंगलवार की सुबह करीब 500 से ज्यादा लोग स्कूल पहुंच गए। उन लोगों ने करीब चार घंटे तक स्कूल पर हमला किया। कुछ लोगों ने स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। इतना ही नहीं, स्कूल स्टॉफ के साथ मारपीट और खिड़कियों को भी तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा की एक मूर्ति और गेट तोड़ दिया गया है।

पुलिस ने दर्ज की दो एफआईआर

स्टूडेंट के माता-पिता और स्कूल प्रशासन की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस सभी वीडियों की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में एक छात्र के माता-पिता ने कहा कि उनके बेटे और चौथी कक्षा में पढ़ने वाले एक अन्य साथी को हनुमान दीक्षा के कपड़े पहनने की वजह से स्कूल में एंट्री नहीं करने दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने जानबूझकर उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।



'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

मुंबई। अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

लाइफ Style

सोनाली

'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने 19 साल की उम्र में ही अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत कर दी थी।

हॉलीवुड मसाला

'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

लॉस एंजिलस। सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।

टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...

लॉस एंजिलस। लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिजन्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। उम्र का अंतर इस रोमांटिक कपल के सामने फीका लगता है।

धोनी पर बनी रही एक और फिल्म

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की और उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।

अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

मुंबई। अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। विष्णु ने अक्षय का स्वागत करते हुए लिखा, 'यह यात्रा और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं।

टीवी मसाला



कपिल को मिला था अमर सिंह चमकीला का ऑफर

नई दिल्ली। द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड अब तक का सबसे मनोरंजक था और इसे देखने वाले दर्शकों ने खूब एंजॉय किया क्योंकि इसमें दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रमोशन करते नजर आए थे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की और लोगों को हंसाया। कपिल शर्मा ने हाल ही में शो की शूटिंग के पीछे का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि उसे जानकर लोग हैरान रह गए। क्लिप में कपिल शर्मा ने बताया कि उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए एआर रहमान का फोन आया था, लेकिन वो मिस कर गए और फिर जब उनके कॉल के सच का पता चला तो वो पूरी रात रोते रहे।

कपिल को आया था एआर रहमान का फोन : कपिल शर्मा ने एआर रहमान की जिस कॉल के मिस होने का खुलासा किया, वो उनके एक्टिंग करियर के लिए कारगर साबित हो सकती थी क्योंकि वो देश के लोकप्रिय क़मेडियन इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनें लेकिन तब कपिल शर्मा को लगा कि रहमान सिर्फ दोस्ताना व्यवहार कर रहे हैं।

विदेश में रहने के कारण कॉल मिस की : पर्दे के पीछे की क्लिप में कपिल ने जिक्र किया कि उन्होंने फिल्म के म्यूजिकल एआर रहमान की कॉल मिस कर दी, क्योंकि वो विदेश में थे। कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा, 'मैंने तुम्हें चमकीला के लिए बुलाया था। कपिल ने आगे बताया कि 'मुझे लगता है कि वो चाहते थे कि मैं कोई गाना या कुछ और गाऊं मुझे लगा कि वो मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे।

मौका खोकर रातभर रोए कपिल शर्मा : वहीं इम्तियाज ने कहा कि रहमान ने कपिल की सिंगिंग के बारे में बात की थी। कपिल ने कहा, 'उन्होंने मुझसे ये बात सीरियस अंदाज में कही। मैंने कहा, 'सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण था।

दमदार है अमर सिंह चमकीला की कहानी

बता दें कि फिल्म की समीक्षा में कहा गया, 'हीरो के रूप में दिलजीत ने शानदार अभिनय किया है। अमर सिंह चमकीला का किरदार उनके लिए ही बनाया गया है और वो इसमें अपना दिल लगा देते हैं। उनकी कड़ी मेहनत स्पष्ट है और फिर भी उनका प्रदर्शन सहज है। उन्हें चमकीला बनते और उनके गाने गाते हुए देखना आपके दिल को अनूठे आनंद से भर देगा। यहां तक कि कुछ भारी-भरकम सीन्स में भी, वो एक दुर्लभ संयम सामने लाते हैं और शिष्टता की एक पूरी नई परत प्रस्तुत करते हैं। निस्संदेह, यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और बीच में कहीं, आप उसे चमकीला के साथ एक होते हुए देखेंगे और बहुत जल्द, आप उन ताकतों को अलग नहीं कर पाएंगे जिन्होंने पंजाब के संगीत उद्योग को हमेशा के लिए बदल दिया।

जूनियर एनटीआर ने पहनी बेहद महंगी घड़ी

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के जान-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में एनटीआर को मुंबई में एक स्टूडियो के बाहर देखा गया था, जहां उनकी घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया। एनटीआर ने रिचर्ड मिल्ली की घड़ी पहनी हुई थी, जिसकी कीमत हर कोई जानना चाहता है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता की इस घड़ी की कीमत 7.5 करोड़ रुपये है। एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सैफ अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म अब 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

माधुरी-विद्या 'भूल भुलैया 3' में लगाएंगी डांस का तड़का

मुंबई। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जहां कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं, वहीं अभिनेत्री विद्या बालन भी अपनी शानदार अदाकारी के चलते खूब वाहवाही लूटती हैं। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए साथ आ रही हैं। खास बात यह है कि निर्माताओं ने उन पर एक डांस नंबर फिल्माने का फैसला किया है।

अमी जे तोमार नाम के गाने पर थिरकेंगी दोनों : रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर रखा है, जो इसके मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। इस गाने में माधुरी और विद्या पहली बार साथ पर्दे पर थिरकती नजर आएंगी। फिल्म का यह गाना बेहद खास होगा। निर्माता भूषण कुमार विद्या और माधुरी पर 'अमी जे तोमार' नाम का गाना फिल्माने जा रहे हैं। गाने की शूटिंग के लिए लोकेशन पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। इसकी शूटिंग अगले महीने हो सकती है।

कार्तिक भी मचाएंगे धमाल : रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह गाना बड़ा धमाकेदार रहने वाला है और इसके बोल कुछ ऐसे होंगे, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन भी इस गाने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म का यह गाना सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। यह गाना फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने के लिए रखा गया है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

'भूल भुलैया' में 'मंजुलिका' बन विद्या ने जीता था दिल

विद्या 2007 में आई 'भूल भुलैया' की पहली किस्त का हिस्सा थीं, जिसमें वह अवनि और मंजुलिका के किरदार में दिखी थीं। इस फिल्म में अक्षय और शाइनी आहूजा भी शामिल थे। इसके बाद 2022 में फिल्म की दूसरी किस्त आई, जिसमें कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी और तब्बू भी नजर आई थीं। अब अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही 'भूल भुलैया 3' आएगी, जिसके लिए कार्तिक और विद्या ने पहली बार हाथ मिलाया है।

विद्या की 1 फिल्म कतार में, माधुरी के हाथ में नहीं कोई फिल्म : विद्या फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार अभिनेता प्रतीक गांधी और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगी। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें खासतौर से विद्या की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। उधर माधुरी को आखिरी बार 2022 में फिल्म 'मजा मा' में देखा गया था।

दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म

थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

नए दौर में नए विजुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।

नई दिल्ली। दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।

डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।

बिना आवाज के जगाया भक्तिभाव

बता दें कि इस फिल्म की छवि कुछ ऐसी बनी कि लोग कलाकारों को भगवान का ही दर्जा देने लगे। उस जमाने में यह फिल्म जिस थियेटर में लगी थी वहां भक्तिभाव का आलम ये था कि लोग जूते-चप्पल उतार कर ही सिनेमा हॉल के भीतर जाते थे। हालांकि फिल्म में कोई आवाज नहीं थी। उसके बाद भी भगवान के प्रति भक्ति का संदेश लोगों तक साफ साफ पहुंचा।

वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा भारत के 125 शहरों और विदेश के 6 शहरों में आज से हो रही है शुरू

वेल्लोर। वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस- वीआईटी-वेल्लोर, वीआईटी-चेन्नई, वीआईटी-एपी (अमरावती) और वीआईटी-भोपाल में बी.टेक में प्रवेश के लिए वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) वीआईटीईईई द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई-2024) के कार्यक्रम 19 से 30 अप्रैल, 2024 तक भारत के 125 शहरों और विदेश के छह शहरों दुबई, मस्कट, कतर, कुवैत, सिंगापुर और कुआलालंपुर में प्रॉक्टर्ड कंप्यूटर आधारित टेस्ट के रूप में निर्धारित हैं। इसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदक भाग लेंगे। परिणाम अस्थायी रूप से 3 मई, 2024 को www.vit.ac.in पर उपलब्ध होंगे और उसी दिन ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। बी.टेक में प्रवेश के लिए 1 लाख रैंक के भीतर के आवेदक काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र हैं। वीआईटी के सभी परिसरों-वेल्लोर, चेन्नई, वीआईटी-एपी और वीआईटी-भोपाल के कार्यक्रम के विकल्प भरने के लिए काउंसलिंग का रैंकवार शेड्यूल इस प्रकार हैः 7 और 8 मई, 2024 को रैंक 1-20,000 के लिए चरण 1; चरण 2 18 और 19 मई 2024 को 20,001 -45,000 रैंक के लिए ; चरण 3 और 9 से 10 जून 2024 तक 29 और 30 मई 2024 को रैंक 45,001-70,000 के लिए; चरण 4 में 9 और 10 जून, 2024 को रैंक 70,001-1,00,000 के लिए। 1 लाख से ऊपर रैंक के आवेदक केवल वीआईटी-एपी और वीआईटी-भोपाल के लिए पात्र हैं। उनके लिए काउंसलिंग 20 और 21 जून, 2024 को आयोजित की जाएगी। कक्षाएं जुलाई 2024 के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। वीआईटी आवेदकों को अपने पसंदीदा कार्यक्रमों में आवंटन सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग के दौरान अधिकतम संख्या में विकल्प देने के लिए प्रोत्साहित करता है। जीवी स्कूल डेवलपमेंट प्रोग्राम (जीवीएसडीपी) के तहत, वीआईटीईईई रैंक 1 से 10 वाले उम्मीदवारों को सभी चार वर्षों के लिए 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट दी जाएगी; 11 से 50 तक को 75 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट दी जाएगी; 51 से 100 रैंक वालों को 50 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट मिलेगी और 101 से 500 रैंक वाले उम्मीदवारों को 25 प्रतिशत ट्यूशन फीस की छूट दी जाएगी। इसके अलावा, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जिला टॉपर्स (एक छात्र और एक छात्रा) को स्टार्स (ग्रामीण छात्रों की उन्नति का समर्थन) योजना के तहत शत-प्रतिशत फीस माफी और हॉस्टल और मेस फीस में छूट दी जाएगी।

डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत के आम चुनावों से पहले लोकतंत्र की भावना समर्थन हेतु एक प्रेरक अभियान लोकतंत्र का त्यौहार शुरू किया

कोलकाता। भारत के कपड़ा उद्योग में एक अग्रणी नाम डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लोकतंत्र की भावना का सम्मान करने के लिए एक आकर्षक पहल शुरू की। इस पहल का उद्देश्य सामूहिक प्रयासों को उजागर करना है इस चुनाव के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने में लगे व्यक्तियों और संगठनों की, 'एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इकाई' के रूप में, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए समर्पित है । हमारी पहल का उद्देश्य नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित करना और एकजुट करना है।

इस अवसर पर डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद गुप्ता ने कहा, ''सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म'' पर इस अभियान प्रभावपूर्ण ढंग से चलाया जा रहा है । इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए हमें सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।'' चुनाव आयोग अधिकारियों और मतदान कर्मियों से लेकर सुरक्षा कर्मियों और सफाई कर्मियों तक, प्रत्येक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉलर इंडस्ट्रीज इस भव्य उत्सव में प्रत्येक नागरिक को इसकी सफलता में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित करता है। अपने अभिनव अभियानों के लिए प्रसिद्ध लोव लिंटास कोलकाता ने इस अभियान की संकल्पना एवं कार्यान्वयन का नेतृत्व किया, मोहित पसरीचा ने रचनात्मक प्रतिभा का नेतृत्व किया। रचनात्मक टीम, कहानी कहने के लिए अपना दूरदर्शी दृष्टिकोण ला रही है। इंद्रनील मित्रा और रोहित चक्रवर्ती ने निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करते हुए परियोजना के निष्पादन हेतु खाता प्रबंधन किया।

ग्रीन ग्रास फिल्म, फिल्म उद्योग में एक प्रतिष्ठित नाम, ने डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ इस अभियान को यथार्थ में लाने के लिए सहयोग किया। प्रोडक्शन टीम अखिल विष्णु नायर के निर्देशन में सिनेमाई सुंदरता के साथ लोकतंत्र की भावना को दृश्यात्मक प्रस्तुति दी।

अहमदाबाद। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद ने गत दिवस लोगों के बीच हीमोफिलिया के लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाकर विश्व हीमोफिलिया दिवस मनाया। 'सभी के लिए सुलभ उपचार' ही इस साल की थीम है। डॉ. अंकित जीतानी, सीनियर कन्सलटेंट, हेमेटोलॉजी एवं बीएमटी, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद ने इस पहल की अगुवाई की। हीमोफीलिया खून से संबंधित एक आनुवंशिक बीमारी है, जो सामान्य तरीके से खून को जमने से रोकती है। खून में ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार फैक्टर्स में से एक की कमी के कारण ऐसा होता है। फैक्टर की कमी के कारण हीमोफीलिया-ए होता है, जबकि फैक्टर आईएक्स की कमी के कारण हीमोफीलिया-बी होता है। हीमोफीलिया तुलनात्मक रूप से सामान्य बीमारी है, जिसमें बालकों में हीमोफीलिया-ए के मामले का अनुपात 1:5000 है, जबकि हीमोफीलिया-बी के मामले का बालकों में अनुपात लगभग 1:20000 है। बीमारी की गंभीरता शरीर में इसके फैक्टर की कमी की मात्रा पर निर्भर है। सही मायने में देखा जाए तो हीमोफीलिया कोई रोग नहीं है, और न हीमोफीलिया से पीड़ित लोग मरीज हैं। हालाँकि, हीमोफीलिया की वजह से उत्पन्न होने वाली कोई भी जटिलता इंसान को मरीज बना सकती है, जिसे सामान्य तौर पर रोका जा सकता है। विश्व हीमोफीलिया दिवस के मौके पर, हीमोफीलिया की रोकथाम के तरीकों और हीमोफीलिया से पीड़ित लोगों की बेहतर देखभाल के बारे में ज्यादा-से-ज्यादा लोगों के बीच जागरूकता फैलाने पर ध्यान दिया गया।

मनाया विश्व हीमोफीलिया दिवस

ज्यादा इस्तेमाल की वजह से लोगों में हो गई है अरुचि

अमेरिका में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता 100 डॉलर, हर कोई चिढ़ता है इससे

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

क्या आप जानते हैं कि अमेरिका में सबसे ज्यादा कौनसी करंसी का इस्तेमाल होता है? तो इसका जवाब 100 डॉलर। अमेरिका में सबसे ज्यादा 100 डॉलर का नोट इस्तेमाल होता है, लेकिन इसी नोट से हर कोई चिढ़ता भी है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में 100 डॉलर का नोट बहुत आम है। और यही वजह है कि अब लोग इससे चिढ़ने भी लगे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट बताती है कि 100 डॉलर का नोट इतना आम है कि इसने 1 डॉलर के नोट को भी बौना कर दिया। फेडरल रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, 2012 से 2022 के बीच 100 डॉलर के नोट का चलन दोगुना से भी ज्यादा बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, 2012 में 100 डॉलर के 8.6 अरब नोट चलन में थे। 2022 में इनकी संख्या बढ़कर 18.5 अरब से ज्यादा हो गई। इन सबके बावजूद 100 डॉलर के नोट को खर्च करना उतना ही मुश्किल है। उसकी वजह भी है। और वो ये कि ज्यादातर दुकानदार 100 डॉलर के नोट को लेने से ही मना कर देते हैं। दूसरी वजह नकली नोटों का चलन बढ़ना भी है। ये इतना आम हो गया है कि धड़ल्ले से 100 डॉलर के जाली नोट बाजार में आ रहे हैं। दुकानदार इन नोटों को लेने से पहले कई बार इन्हें चेक भी करते हैं। अब आलम ये है कि अर्थशास्त्रियों ने 100 डॉलर के नोट की प्रिंटिंग को कम करने की अपील की है। अखबार को 23 साल की सेज हैंडली ने बताया कि 100 डॉलर का नोट रखने पर लोग आप पर और नोट पर सवाल खड़े करने लगते हैं। उन्होंने हाल ही में टिकटॉक पर एक शॉर्ट वीडियो पोस्ट कर बताया था कि 100 डॉलर का नोट खर्च करना कितना मुश्किल है। कोविड महामारी के बाद कैश का चलन थोड़ा कम हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में 60 फीसदी से ज्यादा भुगतान डेबिट या क्रेडिट कार्ड से होता है। और भुगतान के लिए कैश अब भी तीसरा बड़ा माध्यम है।

आधे से ज्यादा नोट विदेशों में

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्री केनेथ रोगॉफ का मानना है कि अब भी 100 डॉलर के आधे से ज्यादा नोट विदेशों में रखे गए हैं। इसके बावजूद हर अमेरिकी के पास 100 डॉलर के औसतन 55 नोट हैं। इतनी बड़ी करंसी के नोट का इतने ज्यादा चलन में आने की अपनी वजह भी है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि 1 डॉलर या 5 डॉलर के मुकाबले 100 डॉलर का नोट लंबे समय तक चलन में इसलिए बना रहता है, क्योंकि लोग इसे खर्च करने की बजाय अपने पास रखना ज्यादा पसंद करते हैं। 100 डॉलर के नोट को लोग 'स्टेटस सिंबल' भी मानते हैं।

खरीदारी के लिए कैश का ज्यादा इस्तेमाल

फेड रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, छोटी खरीदारी के लिए लोग कैश का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। ग्राहकों ने कैश से भुगतान करते वक्त औसतन 39 डॉलर खर्च किए, जबकि क्रेडिट कार्ड से औसतन 95 डॉलर खर्च किए। अर्थशास्त्री ये भी मानते हैं कि 100 डॉलर का नोट लोगों को कम खर्च करने के लिए मजबूर करता है। रिसर्च बताती है कि अगर किसी के पास 20 डॉलर के पांच नोट हैं तो वो ज्यादा खर्च करता है। लेकिन उसी व्यक्ति के पास अगर 100 डॉलर का एक नोट है, तो वो ज्यादा खर्च

100 डॉलर की पर्चेजिंग पावर काफी कम

हालांकि, बीते एक दशक में 100 डॉलर की पर्चेजिंग पावर काफी कम हुई है। आज के 100 डॉलर की वैल्यू एक दशक पहले 76 डॉलर थी। यानी, एक दशक पहले 76 डॉलर में जितना सामान खरीदा जा सकता था, आज उतना ही खरीदने के लिए 100 डॉलर खर्च करना पड़ता है। इन सबके अलावा एटीएम में भी 100 डॉलर के नोट ज्यादा लोड किए जाते हैं। उसकी वजह ये है कि 20 डॉलर के नोट की तुलना में 100 डॉलर का नोट एटीएम में लोड करना पांच गुना कम काम है।

चोर को पकड़ नहीं पाई पुलिस... एसएचओ को माला पहनाकर उतारी आरती

मामले में थाना प्रभारी जेपी पटेल ने कही ये बात

थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। आरोपी कर्मचारी फरार था। इसी बीच हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर दिया और उसे जमानत मिल गई। मामला संज्ञान में आने के बाद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। थाने में इस तरह फरियादी द्वारा किए गए व्यवहार को हाईकोर्ट ने भी गलत बताया है। पुलिस ने कार्य में बाधा डालने और पुलिस का अपमान करने के आरोप में धारा 149, 186 और 504 के तहत कुलदीप सोनी, अनुराधा सोनी, अजय प्रमोद और राज सोनी पर मामला दर्ज किया है।

रीवा। मध्य प्रदेश रीवा से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। चोरी के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज पति-पत्नी ने थाना सिटी कोतवाली में हाईवोल्टेज ड्रामा किया। पति-पत्नी आरती की थाली और फूल माला लेकर टीआई के चेंबर में चली गई। फिर अनोखे तरीके से विरोध जताया। पीड़ित दंपति की हरकत देखकर पुलिस भी सकपका गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। मामला 6 अप्रैल का है। रीवा के रहने वाली ज्वेलर अनुराधा सोनी अपने पति और बच्चों के साथ कोतवाली पहुंची. इस दौरान वे हाथ में पूजा की थाली, श्रीफल, नारियल और फूलों का माला ली थी। फिर पुलिस की तारीफ करते हुए दोनों पति-पत्नी आगे बढ़े और टीआई के चेंबर में दाखिल हो गए। प्रभारी जेपी पटेल कुछ समझ पाते इससे पहले ही पति-पत्नी ने विरोध का ड्रामा शुरू कर दिया।

आवश्यकता

आवश्यकता है- रायपुर पेट्रोल पंप में सेल्स बॉय की एवं मैनेजर जो अपने अंदर में लड़के व्यवस्था कर सके रहने की सुविधा उपलब्ध आईडी पुलिस वैरीफिकेशन चाहिए संपर्क :- 8358914444 (रायपुर/19/अप्रैल/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?

जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी बादर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

राशिफल

मेष वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

वृष आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

सिंह आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

धनु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

मकर मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

दुनिया के टॉप 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल हुआ दिल्ली एयरपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली एयरपोर्ट 2023 के लिए दुनिया के सबसे 10 व्यस्ततम हवाई अड्डों की सूची में शामिल हुआ है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड की ओर से जारी सूची के मुताबिक राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दसवें पायदान पर है। सूची में अमेरिका का हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सबसे ऊपर है जबकि दुबई और डलास हवाई अड्डे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट चौथे, टोक्यो का हनेडा हवाई अड्डा पांचवें, डेनवर का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा छठे, इस्तांबुल हवाई अड्डा सातवें, लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आठवें और शिकागो का ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नौवें स्थान पर है।



सबसे व्यस्त अमेरिका के एयरपोर्ट

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल के मुताबिक दुनिया में शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से पांच अमेरिका में हैं। एसीआई ने कहा कि 2023 में पूरी दुनिया में 8.5 अरब (850 करोड़) यात्रियों ने हवाई यात्रा किया, जो कोरोना महामारी से पहले यात्रियों की संख्या का 93.8 फीसदी है जबकि वर्ष 2022 की तुलना में 27.2 फीसदी अधिक है। दसवें स्थान पर, दिल्ली हवाई अड्डा है जहां से 2023 में 7.22 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। 2022 में, हवाई अड्डा नौवें स्थान पर था। उल्लेखनीय है कि एसीआई एयरपोर्ट प्राधिकरणों का संगठन है जिसका उद्देश्य हवाईअड्डा मानकों के लिए उद्योग प्रथाओं को एकजुट करना है। 1991 में स्थापित, इसका मुख्यालय (एसीआई वर्ल्ड) मॉन्ट्रियल, क्यूबेक, कनाडा में स्थित है। इसके सदस्य लगभग 2000 हवाई अड्डों का संचालन करते हैं।

शब्द पहेली - 5486



बाएँ से दाए
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

शब्द पहेली - 5485 का हल

	ज	हा	ल	त			नि	ड	र
क	प		क्ष्य		आ	स	रा		मा	मा
ल			ही	र	क		ला			हि
प	रा	धी	न	ता		द		अ	सु	र
ना		र		लू	ट	मा	र		रे	
	सा	ज						सा	या	
	व		फि	त	र	त		ह		मा
का	न	न		ल		न	क	ब	ज	न
फि			व		शा	य	र			हा
र	बा		च	म	न		त		श	नि
	द	म	न			रो	ब	दा	र	

सूडोकु नवताल - 5497

कठिनतम

2						5		
	1			8				9
7					4			
			9			1		
	3						6	
		8			5			
			3					8
5				6			2	
		4						7

MANGAL SENACHA BANGALORE

सूडोकु नवताल - 5496 का हल

2	3	6	8	5	1	4	9	7
9	4	5	7	6	3	8	2	1
1	7	8	2	9	4	6	5	3
3	1	9	6	7	2	5	4	8
5	6	2	1	4	8	3	7	9
7	8	4	5	3	9	1	6	2
4	9	1	3	2	5	7	8	6
8	2	7	4	1	6	9	3	5
6	5	3	9	8	7	2	1	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

विशेषः विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन

बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।

जंतु जगत

शिखर चंद जैन

पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-

होती हैं कई प्रजातियां: पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।

शानदार तैराक : पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।

कुशल गोताखोर: ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।

छिपने की कुदरती क्षमता: पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।

खारा पानी पीने में सक्षम: पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

रहते हैं झुंड में: पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

बदलते हैं आवरण

बच्चों, जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।

अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

किताबों का महत्व : किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

मिलती हैं नई जानकारियां : किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलती है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

कॉमिक्स और पत्रिकाएं: किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

शेयर करके पढ़ें किताबें: हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

सबसे अच्छी दोस्त: किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *

जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज 99 का सही उत्तर : 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम,9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले : येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

हंसगुल्ले

चिंटू : तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
मिंटू : दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-रोशनी, भोपाल

टीचर : मोबाइल की खोज किसने की?
नैंसी : सर, मेरी मम्मी ने।
टीचर : क्या ..!
नैंसी : सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
-आयुष, कोंडागांव

मम्मी : दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
नव्या : इसे पी लेना चाहिए।
-अदिति, रोहतक

रोहन : तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
सोहन : (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
-मनन, दुर्ग

कहानी

अंजना मनोज गर्ग

विशेषः पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?

भोलू का अपना घर

भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला, 'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय

हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

रंग भरो-148

रंग भरो-148 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

पलक, धमतरी

यशिका, बिलासपुर

सुयश, बिलासपुर

लक्षित, रोहतक

कल्पित, रोहतक

भावन्या, भिलाई

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया

रंग भरो 149

बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।

उत्तर : 1D, 2 C, 3A, 4B

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	7	6	1	12
कोलकाता	6	4	2	8
चेन्नई	6	4	2	8
हैदराबाद	6	4	2	8
लखनऊ	6	3	3	6
दिल्ली	7	3	4	6
गुजरात	7	3	4	6
पंजाब	6	2	4	4
मुंबई	6	2	4	4
बैंगलोर	7	1	6	2

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

युजुवेन्द्र चहल
12 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर

955 चौके
553 छक्के

चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल्स में पहुंचा रियल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रियल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैंपियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिए 76वें मिनट में केविन डि ब्रूने ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1-0 से और औसत के आधार पर 3-2 से हराया।

खबर संक्षेप

पंत की गतिशीलता टीम के लिए अच्छा संकेत

अहमदाबाद। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेटकीपिंग के लिए 'प्लेयर आफ द मैच' चुना गया। जून में होने वाले टी20 विश्व कप में पंत भारतीय टीम में विकेटकीपर की जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं।

हैदराबाद के लिए तैयारी शुरू कर दी है : होप्स

अहमदाबाद। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि शुरुआती झटकों से उबरने के बाद अब उनकी टीम सनराइजर्स हैदराबाद जैसी 'मालगाड़ी' के खिलाफ अगले मैच की तैयारी में जुटी है। दिल्ली ने गुजरात टाइटंस को बुधवार को खेले गए मैच में 89 रन पर समेटने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। अब दिल्ली को लगातार तीन मैच अपने मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर खेलने हैं।

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकता है भारत

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को यकीन है कि पुरुष टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण जीत सकती है। आठ बार की चैंपियन भारतीय टीम ने 41 साल के इंतजार को खत्म करके टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

आईपीएल
सीएसके दो लगातार जीत से उत्साहित एलएसजे दो हार से निराश

लखनऊ के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी। रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं।

मयंक ने किया अभ्यास

लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है लेकिन देखना यह है कि वह आज खेल पाते हैं या नहीं। स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके।

लखनऊ के बल्लेबाज फार्म में नहीं

बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी। लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

लखनऊ सुपर जाइंट्स : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, कृणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स : महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

घुटने की चोट के कारण मुरली ओलंपिक से बाहर

नई दिल्ली। लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी।

गुमशुदा/अगवा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **सलोनी** पुत्री **अशोक निवासीः** म.नं. 12, सतपाल का मकान, गुरूकुल रोड, खेड़ा खुर्द, दिल्ली है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 16 वर्ष, **कदः** 5'1'', **रंगः** साफ, **शरीरः** पतला, **चेहराः** अण्डाकार, जिसने नीले रंग का सूट, काले रंग की जीन्स और पैरों में लेडी चप्पल पहनी है। जो कि अपने घर से दिनांक 09.04.2024 को सुबह 10:00 बजे से लापता/अगवा हैं। इस संदर्भ में **FIR No. 358/2024 U/s 363 IPC, दिनांक 09.04.2024 को थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
DP/4345/ON/2024

थानाध्यक्ष
थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली
फोन नं.: 7065036324, 7015123734

खास खबर

कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ने खेला ड्रॉ, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे

टोरंटो। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारुआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारुआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5.5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर हैं। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
क्षेत्रीय कार्यालय : स्कीम नं.-5, प्लाट नं.-455/456, विजयनगर, जबलपुर-482002
Phone & Fax : 0761-4042780, E-mail : romppcbjbp@gmail.com

लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के यथा संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत **मेसर्स दि एम.पी. स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड** द्वारा भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में निम्न तालिका अनुसार रेत खदानों की लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के अनुक्रम में रेत खदानों की लोक सुनवाई हेतु उनके नाम के समक्ष उल्लेखित स्थल पर आयोजित की जावेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जिला	तहसील	ग्राम पंचायत	खदान का नाम	खसरा नं.	रकबा (हे. में)	मात्रा प्रति वर्ष (घ.मी.)	लोक सुनवाई का स्थान	लोक सुनवाई दिनांक	दिन	समय
1.	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	करहैया	करहैया	1,113	10.063	1,13,400	ग्राम पंचायत भवन करहैया	21.05.2024	मंगलवार	प्रात: 11.00
2.	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	घाटपिपरिया	घाटपिपरिया	1/1	7.000	1,13,400	ग्राम पंचायत भवन घाटपिपरिया	21.05.2024	मंगलवार	अपरान्ह 01.00
3.	नरसिंहपुर	साईखेडा	मेहरागांव	मेहरागांव	380	20.000	3,24,000	ग्राम पंचायत भवन मेहरागांव	22.05.2024	बुधवार	प्रात: 09.00
4.	नरसिंहपुर	सांईखेड़ा	झिकोली	संसारखेड़ा-1	208/1, 208/2	13.000	2,10,600	ग्राम पंचायत भवन झिकोली	22.05.2024	बुधवार	प्रात: 11.00
5.	नरसिंहपुर	सांईखेड़ा	अजंदा-1	अजंदा-1	39/1	4.000	64,800	ग्राम पंचायत भवन अजंदा	22.05.2024	बुधवार	अपरान्ह 01.00
6.	नरसिंहपुर	सांईखेड़ा	अजंदा-2	अजंदा-2	263/2, 263/1	15.00	1,62,000	ग्राम पंचायत भवन अजंदा	22.05.2024	बुधवार	अपरान्ह 01.00
7.	नरसिंहपुर	सांईखेड़ा	खिरिया	खिरिया	21/1क	4.00	64,800	ग्राम पंचायत भवन खिरिया	23.05.2024	गुरुवार	प्रात: 09.00
8.	नरसिंहपुर	गाडरवारा	चिरहकला	चिरहकला	493	5.000	81,000	ग्राम पंचायत भवन चिरहकला	23.05.2024	गुरुवार	प्रात: 11.00
9.	नरसिंहपुर	गाडरवारा	घूरपुर	घूरपुर	163, 166	7.330	1,18,746	ग्राम पंचायत भवन कजरोटा	23.05.2024	गुरुवार	अपरान्ह 01.00
10.	नरसिंहपुर	गाडरवारा	पनागर -1	पनागर-1	305	5.00	81,000	ग्राम पंचायत भवन पनागर	23.05.2024	गुरुवार	सायं 04.00

उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन:- (1) कार्यालय कलेक्टर, नरसिंहपुर, (2) कार्यालय जिला पंचायत, नरसिंहपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नरसिंहपुर, (4) संबंधित कार्यालय ग्राम पंचायत, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्कीम नं.-5, प्लाट नं.-455/456, विजयनगर, जिला जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइट **www.mppcb.mp.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के **दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्कीम नं.-5, प्लाट नं.-455/456, विजयनगर, जिला जबलपुर के** कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है, लोक सुनवाई में भी सुझाव, विचार टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/114549/2024

क्षेत्रीय अधिकारी

चुनाव का पर्व देश का गर्व
लोकसभा निर्वाचन 2024

मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण के मतदान के लिए तैयार हो जाएं

19 अप्रैल, 2024

लोकसभा क्षेत्र
सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा

वोट देने से पहले यह जानें

मतदान के लिए आपका नाम, मतदाता सूची में होना आवश्यक है

इन 13 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज पहचान के लिए उपयोग किया जा सकता है

मतदाताओं के नाम संदेश

प्रिय मतदाता साथी,

मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए **आज दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार** को प्रथम चरण का मतदान होगा। आप प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं एवं सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। आपका वोट लोकतंत्र को मज़बूत करेगा। आपसे आग्रह है कि आप अपने परिवार के समस्त मतदाताओं के साथ आज वोट देने अपने मतदान केन्द्र पर अवश्य जाएं।

शुभकामनाओं सहित।

अनुपम राजन
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
मध्यप्रदेश

कोई भी मतदाता न छूटे

ceomadhyapradesh.nic.in CEOMPElections @CEOMPElections ceompelections ceompsveep

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

D-11002/24

पश्चिमी हवाओं से गर्म हो रहा मौसम

जबलपुर।

पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण गर्म हो गया है। दिन में गर्मी जोरदार एहसास कराने लगी है। अब तो रात में भी गर्मी महसूस की जाने लगी है। परिस्थितियां पूरी तरह से गर्मी के अनुकूल होती जा रहीं हैं। शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। दिन में लोग गमछा, टोपी, चश्मा पहनकर घूप से बचाव करने लगे हैं। कूलर, पंखों की पूछ-परख बढ़ गई है। सूर्य की तेज तपन के दौरान सुबह 8 बजे से ही धूप चुभने लगती है और दोपहर तक धूप असहनीय हो जाती है। दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। इस मौसम में पारा कल पहली बार 40 डिग्री के पार गया।

चिलचिलाती धूप कर रही बेचैन, पारा 40 डिग्री के पार

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 2 दिनों से अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री के आसपास झूल रहा था। गुरुवार को मौसम शुष्क होते ही औसत से नीचे चल रहा पारा औसत के पार चला गया। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातकाल 26 प्रतिशत और सायंकाल 19 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5 बजकर 45 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 33 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सर्वाधिक 43.2 डिग्री तापमान बड़वानी में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

आज पीएम मोदी का जबलपुर में अल्प प्रवास

15 किलोमीटर का एरिया नो फ्लाए जोन घोषित

जबलपुर।

गुरुवार दोपहर 3 बजे से जबलपुर परिधि के 15 किलोमीटर का एरिया नो फ्लाए जोन घोषित कर दिया गया। स दौरान आसमान से कोई भी हवाई जहाज सहित किसी भी तरह का फ्लाइंग उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश दोपहर 3 बजे से प्रभावी होकर 20 अप्रैल 2024 की सुबह 6 बजे तक प्रभावशील रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध वायुयान अधिनियम 1934 तथा सुसंगत धाराओं, अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। दराअसल आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्प प्रवास पर जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री कुंडलपुर दमोह से जबलपुर एयरपोर्ट आएंगे और कुछ देर बाद ही विमान से नागपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। पीएम की सुरक्षा के मद्देनजर एयरपोर्ट परिक्षेत्र में करीब डेढ़ दर्जन राजपत्रित अधिकारियों सहित करीब 200 जवानों का अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। गुरुवार को आईजी आरएस परिहार ने अधिकारियों की बैठक की और सबकी जिम्मेदारी तय कर कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

सीबीएसई बोर्ड के परिणाम भी आएंगे देरी से

जबलपुर। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन कार्य अब तक चल रहा है। इस बार मूल्यांकन कार्य में हो रही देरी के चलते परिणाम परिणाम भी मई माह के तीसरे सप्ताह तक जारी किए जाने की संभावना है। बता दे कि इस सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी से दो अप्रैल तक आयोजित हुई थी। सीबीएसई बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि मार्च माह ही मूल्यांकन कार्य शुरू किया जा चुका था। कई केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। कुछ केंद्र है, जहां पर अंतिम विषय की कॉपियां जांची जा रही है। मूल्यांकन का काम 22 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस बार मूल्यांकन कार्य में 7 से 8 हजार शिक्षक बतौर मूल्यांकनकर्ता कॉपियां जांच रहे है।

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023 के विजेताओं के नाम

दसवां पुरस्कार (लंच बॉक्स 260 नग) रायपुर संस्करण - 1. भानुराम नायक पिता/ पति सवजी राम नायक ,डा.पुराना राजेंद्र नगर रायपुर 2. आरती नायक पिता/ पति स्वरुपपानंद नायक ,विकास नगर गुढ़ियारी रायपुर 3. शत्रुघ्न देवांगन पिता/ पति गोपाल देवांगन ,साईं मंदिर के पास शहीद भगत सिंह चौक रायपुर 4. डी.आदिनारायण पिता/ पति डी.शिम्हाद्री ,मौलीपारा तेलीबांधा रायपुर 5. मनोज कुमार यादव पिता/ पति रामजी यादव ,दर्री तालाब के पास भनपुरी रायपुर 6. मनोज कुमार साहू पिता/ पति तोरनलाल साहू ,रावतपुरा कॉलोनी फेस -1 भाठागाँव रायपुर 7. विजया शक्करपूड़े पिता/ पति स्व.चन्द्रशेखर शक्करपूड़े ,सुन्दर नगर अमरपुरी काली मंदिर के पास रायपुर 8. नन्दलाल जंघेल पिता/ पति जितुरम जंघेल ,सहू शिवम् सिटी रायपुर 9. भुनेस्वर कुमार सोनकर पिता/ पति बलिराम सोनकर ,सरोना रायपुर 10. प्रमोद कुमार पाण्डेय पिता/ पति स्व.गणेश प्रसाद पाण्डेय ,मंदिर हसौद 11. जनक नंदनी साहू पिता/ पति प्यारे लाल साहू ,साहू पारा फाफाडीह रायपुर 12. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता/ पति छेदन लाल वर्मा ,तर्रा मांढर रायपुर 13. पवन कुमार देवांगन पिता/ पति खेदु राम देवांगन ,बुधवारी बाजार बिरगांव रायपुर 14. घनश्याम श्रीवास पिता/ पति किशन श्रीवास ,मंदिर हसौद रायपुर 15. धीरज कुमार सिन्हा पिता/ पति चंदू लाल सिन्हा ,हनुमान वाटिका , भाठागाँव रायपुर 16. योगेश कुमार देवांगन पिता/ पति रिखी राम देवांगन ,खोरपा अभनपुर 17. डगलस बिशाल पिता/ पति बी.बिशाल ,तेलीबांधा अमलीडीह रायपुर 18. दिलेश्वर प्रसाद साहू पिता/ पति नाथू राम साहू ,सिलयारी धरसींवा रायपुर 19. दिलीप सिन्हा पिता/ पति आशाराम सिन्हा ,आदर्श नगर नेहरू चौक मठपारा रायपुर 20. संजय वर्मा पिता/ पति चन्द्रसेखर वर्मा ,कृष्णा चौक मंदिर हसौद 21. कमलेश कुमार सैनिक पिता/ पति स्व. महेंद्र कुमार सैनिक ,आमासिवनी रायपुर 22. हिमांशु वर्मा पिता/ पति संतोष कुमार वर्मा ,मोहदा तरपोंगी 23. संतोष कुमार धीवर पिता/ पति पालू राम धीवर ,सारागांव रायपुर 24. यशवंत पाटकर पिता/ पति पुरुषोत्तम पाटकर ,सकरी रायपुर 25. मुकेश कुमार पटेल पिता/ पति मनालाल पटेल ,भुरका रायपुर 26. मनोज कुमार साहू पिता/ पति राजेंद्र कुमार साहू ,बजरंग नगर गोगांव रायपुर 27. तुका राम निषाद पिता/ पति उदल राम निषाद ,विधान सभा आमासिवनी रायपुर 28. संतोष ब्रम्हदेव पिता/ पति भामचंद ब्रम्हदेव ,देवपुरी माना रोड रायपुर 29. दानेश्वर हरिहारानो पिता/ पति बद्री नारायण हरिहारानो ,दुर्गा चौक मंदिर हसौद 30. टोमेश कुमार साहू पिता/ पति तुका राम साहू ,प्रगति नगर ,रायपुर 31. विदेशी निषाद पिता/ पति खेलावन निषाद ,शिवाजी नगर दलदल सिवनी रायपुर 32. बसंत कुमार प्रजापति पिता/ पति कमल राम प्रजापति , टीला चंपारण रायपुर 33. मदन लाल सिन्हा पिता/ पति रामू राम सिन्हा ,जामगांव 34. जीवधन लाल धीवर पिता/ पति बाहरू राम धीवर ,चरौदा आरंग 35. ईश्वरी प्रसाद साहू पिता/ पति स्व.पी.आर.साहू ,बगुंडी पारा आरंग वार्ड न.5, 36. तुलेश्वर चंद्राकर पिता/ पति लखन लाल ,रसनी थाना आरंग 37. आनंद देवांगन पिता/ पति गोपाल देवांगन ,आरंग 38. टेरहाराम धुरंधर पिता/ पति मोती राम ,आरंग 39. बहोरिकाराम चंद्राकर पिता/ पति आनंद चंद्राकर ,कुटेला नंदी चौक गोंडपारा रायपुर 40. तोमन लाल साहू पिता/ पति झाडूराम साहू ,कुरमुन्द समोदा आरंग 41. भाऊ राम गेंडरे पिता/ पति ननकू गेंडरे ,मलौद सिलयारी रायपुर 42. सरिता पिता/ पति पुनीत राम , जंजगिरा मढ़ी रायपुर 43. वामन गोपाल नयक पिता/ पति प्रेम नारायण नायक ,गिरौद मांढर रायपुर 44. अजय कुमार वर्मा पिता/ पति पंचम लाल वर्मा ,गिरौद रायपुर 45. श्रीकांत तिवारी पिता/ पति स्व. रामकृष्ण तिवारी ,२८४ समता कॉलोनी रायपुर रायपुर 46. हाफिज खान पिता/ पति स्व.आहिर खान ,सैलानी नगर संजय नगर रायपुर 47. सरिता सोनकर पिता/ पति संदीप सोनकर ,सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 48. अंशिका सहोर पिता/ पति निखिल सहारे ,जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर 49. अनुज कुमार डहरिया पिता/ पति स्व.भगवत डहरिया ,कोटा वार्ड 20 सतनामी पारा रायपुर 50. विवेक यादव पिता/ पति पन्नालाल यादव ,पुतिन कॉलोनी अमलीडीह रायपुर 51. उस्मान भाई पिता/ पति स्व.हामिद अली ,टाटीबंध रायपुर 52. अनुराधा साकरकर पिता/ पति स्व. कमल साकरकर ,विप्र नगर, रायपुरा रायपुर 53. हरिका साहू पिता/ पति नेतु कुमार साहू , डौकीडीह,जिला दुर्ग 54. दिनेश कुमार साहू पिता/ पति जगन लाल साहू , चिंगारी वार्ड न.1 ,जिला दुर्ग 55. राजीव बख्शी पिता/ पति स्व.रमाकांत बख्शी , एम.680 पदमनाभपुर ,जिला दुर्ग 56. संगीता मिश्रा पिता/ पति चंद्रकांत मिश्रा , दुर्गा चौक शंकर नगर ,जिला दुर्ग 57. अमित अग्रवाल पिता/ पति व्यास नारायण अग्रवाल , ब्राह्मण पारा ,जिला दुर्ग 58. प्रेमा साहू पिता/ पति जित कुमार साहू , चिखली,जेवर सिवरी ,जिला दुर्ग 59. अशोक कुमार प्रसाद पिता/ पति स्व. अयोध्या प्रसाद , शीतला पारा ,जिला दुर्ग 60. शैलेश कुमार श्रीवास्तव पिता/ पति शम्भू दयाल श्रीवास्तव , न्यू गया नगर वार्ड न.03 ,जिला दुर्ग 61. विजय दीक्षित पिता/ पति स्व. एस.डी.दीक्षित , पप्रोफ़ेसर कॉलोनी दीपक नगर ,जिला दुर्ग 62. मोगरा स्वर्णकार पिता/ पति तारकेश्वर प्रसाद स्वर्णकार , मोहन नगर वार्ड न. 13 ,जिला दुर्ग 63. शिवचरण साहू पिता/ पति भगेला राम साहू , गौर गौरी चौक राम नगर उरला रोड ,जिला दुर्ग 64. अनुसुईया निषाद पिता/ पति नेहरू राम , सड़क न. 3 मॉडल टाउन ,जिला दुर्ग 65. गुंजन कुमार साहू पिता/ पति महेश कुमार साहू , युवा अंकुश चौक सतनामी पारा छावनी भिलाई ,जिला दुर्ग 66. अलोप कुमार भंडारी पिता/ पति स्व.फूल सिंह भंडारी , मरौदा सेक्टर भिलाई ,जिला दुर्ग 67. भूमिका साहू पिता/ पति प्रेमन लाल साहू , रामनगर मुक्तिधाम भिलाई ,जिला दुर्ग 68. टिकेश्वरी कोमिया पिता/ पति चित्तरंजन कोमिया , क्यू.न .-2/एल स्ट्रीट -18 सेक्ट.-5 ,जिला दुर्ग 69. एन सतीश पिता/ पति एन एलिअस , कैंप -1 सुंदर नगर भिलाई ,जिला दुर्ग 70. प्रगड सूर्य प्रभा पिता/ पति प्रगड चिरंजीवी बुलु , स्मृति नगर प्लाट न.-20 स्ट्रीट 13 ,जिला दुर्ग 71. कैलाश कुमार कुर्रे पिता/ पति विश्वनाथ कुर्रे , गाँव देव बलौदा वार्ड न. -31 ,जिला दुर्ग 72. चैत्रमण सोनार पिता/ पति हिरा बहादुर , जय हिन्द चौक पुरैना ,जिला दुर्ग 73. चित्रकांत सोनेरपिता/ पति लक्ष्मन कुमार सोनेर , जरवाय भिलाई -3 ,जिला दुर्ग 74. श्रेया नाईक पिता/ पति राजेश नाईक , क्वाटर न.26/ सड़क 17 सेक्टर -8 भिलाई ,जिला दुर्ग 75. सेवक राम साहू पिता/ पति देवप्रसाद साहू , अर्जुन नगर कैंप -1 भिलाई ,जिला दुर्ग 76. दिनेश निषाद पिता/ पति कार्तिक राम निषाद , बजरंग चौक जरवाय ,जिला दुर्ग 77. थॉमस पिता/ पति शीला , शंकर नगर छावनी वार्ड 40 ,जिला दुर्ग 78. भोज कुमार पिता/ पति स्व. आत्मा राम , ई.डब्लू.एस.700 आदित्य नगर ,जिला दुर्ग 79. नन्द कुमार नेताम पिता/ पति स्व. अन्कलू राम नेताम , राजीव किराना स्टोर के पास न्यू कृष्णा नगर सुपेला ,जिला दुर्ग 80. आदित्य शर्मा पिता/ पति राजेश शर्मा , व.न. -10 , शंकर नगर ,जिला दुर्ग 81. शंकर पाटिल पिता/ पति अरुण पाटिल , शंकर नगर ,जिला दुर्ग 82. जनक लाल चंद्राकर पिता/ पति स्व. दौवाराम चंद्राकर , ब्लाक नंबर-93, प्लाट नंबर-9,नेहरू नगर, पूर्व भिलाई ,जिला दुर्ग 83. कामता प्रसाद पिता/ पति स्व. राजु, आदर्श नगर, कैम्प-1, भिलाई ,जिला दुर्ग 84. सोमेश्वरधर दीवान पिता/ पति टिकेश्वर दीवान , चरौदा, फिंगेश्वर , जिला गरियाबंद 85. वेदराम पिता/ पति मनीराम , बिजली, बोरसी, जिला गरियाबंद 86. ओमप्रकाश साहू पिता/ पति शंकर लाल साहू , दर्री खुर्द, तरिघाट , जिला गरियाबंद 87. पुष्कर यादव पिता/ पति अर्जुन यादव , चरौदा, फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद 88. हरिश्चंद्र तारक पिता/ पति मेहतर राम तारक , फुलझर,लोहरसी , जिला गरियाबंद 89. राजकुमार मराठा पिता/ पति आत्माराम मराठा , दर्रा,कसडोल , जिला बलोदा बाजार 90. रोहनलाल साहू पिता/ पति रामलाल साहू , पोंड पांडुका , जिला गरियाबंद 91. पूरण लाल यादव पिता/ पति ओंकार सिंह यादव , बंजारी ,बगौदा, जिला धमतरी 92. लुकेश्वर पिता/ पति धम्मन लाल , अवरी, जिला धमतरी 93. भान बाई साहू पिता/ पति लुकेश्वर साहू , अवरी, जिला धमतरी 94. दौलत राम ध्रुव पिता/ पति भंवर सिंह ध्रुव , बंजारी ,भाटागांव, जिला धमतरी 95. पुरुषोतम तिवारी पिता/ पति स्व. शन्तु प्रसाद तिवारी , वार्ड न.-04 थाना पारा बागबहरा , जिला महासमुंद 96. दीपेश कुमार साहू पिता/ पति कमल कुमार साहू , कोलियारी , जिला धमतरी 97. खरे राम साहू पिता/ पति स्व. राम जीवन साहू , बोडरा संभलपुर , जिला धमतरी 98. गैंदलाल साहू पिता/ पति पंचराम साहू , कुरमा तराई , जिला धमतरी 99. भेषज कुमार साहू पिता/ पति कांशी राम साहू , गातापार कोरा भाखरा , जिला धमतरी 100. भरत लाल साहू पिता/ पति अंजोर सिंह , सिलौटी , जिला धमतरी 101. लाल चंद साहू पिता/ पति स्व. केजू राम साहू , डोमा भाखारा , जिला धमतरी 102. ख़ुशी रानी मरकाम पिता/ पति रोहित कुमार मरकाम , कुकरेल, नगरी , जिला धमतरी 103. पूजा नेताम पिता/ पति जगदीश चंद नेताम , अघन नगर , जिला कांकेर 104. अशोक आशरानी पिता/ पति स्व.गुल्लुमल आशरानी , मंझापारा , जिला कांकेर 105. गजेन्द्र गुप्ता पिता/ पति स्व.भागीरथी गुप्ता , आमापारा सिनेमा चौक , जिला कांकेर 106. शैलेन्द्र ठोकने पिता/ पति केशव राव ठोकने , सिर्सिदा , जिला धमतरी 107. भारत लाल साहू पिता/ पति फूलचंद साहू , गुदगुदा , जिला धमतरी 108. कमल नारायण साहू पिता/ पति सालिक राम साहू , दर्रा ,कुरूद , जिला धमतरी 109. कृष्ण कुमार निषाद पिता/ पति शंकर लाल निषाद , मौरी कला , जिला धमतरी 110. गौकरण चंद्राकर पिता/ पति तामेश्वर चंद्राकर , अटंग, जिला धमतरी 111. गौरव सोनी पिता/ पति संतोष सोनी , महिमा सागर वार्ड धमतरी , जिला धमतरी 112. गीतिका साहू पिता/ पति सुरेन्द्र साहू , भटगांव ,गोकुलपुर , जिला धमतरी 113. धनसिंह नेताम पिता/ पति ब्रिज लाल नेताम , सिंचाई कॉलोनी रुद्री , जिला धमतरी 114. शैयद मखदूम अल्ली पिता/ पति शैयद महमूद अल्ली , सिहावा चौक धमतरी , जिला धमतरी 115. दिनेश्वरी साहू पिता/ पति पुष्पेन्द्र साहू , भाटा पारा चर्रा , जिला धमतरी 116. दीनानाथ देवांगन पिता/ पति कन्हैया लाल देवांगन , संजय नगर शिक्षक कॉलोनी , जिला धमतरी 117. संगीता संगतानी पिता/ पति स्व.राधेश्याम संगतानी , शंकर मंदिर के पीछे बस्तर वार्ड न.06 , जिला जगदलपुर 118. संतोष कुमार साहू पिता/ पति श्रीराम साहू , लुगे केरली छोटी , जिला धमतरी 119. जीवन लाल साहू पिता/ पति भूखन लाल साहू , करेली बड़ी मगरलोड , जिला धमतरी 120. रामअवतार साहू पिता/ पति सुकलुरम साहू , शुक्लाभाठा मगरलोड , जिला धमतरी 121. संतोष कुमार यदु पिता/ पति दुखु राम यदु , खम्हरिया , जिला बलोदा बाजार 122. खिलेंद्र कुमार साहू पिता/ पति राम लाल साहू , धिरघोल , जिला बलोदा बाजार 123. कांति लाल जैन पिता/ पति स्व.केवल चंद जी जैन , मेन रोड कोंडागाँव , जिला कोंडागाँव 124. जगदीश कुम्भकार पिता/ पति स्व.जुगुत राम कुम्भकार , ब्राह्मण पारा वार्ड कुम्हार पारा , जिला धमतरी 125. भुषण लाल साहू पिता/ पति जगत राम साहू , खैराभाठा , जिला महासमुंद 126. सी.भोई पिता/ पति स्व. देबो भोई , मकान न.2/6 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जिला महासमुंद 127. सक्षम चंद्राकर पिता/ पति प्रशांत चंद्राकर , शंकर नगर चौक , जिला महासमुंद 128. तेजराम सेन पिता/ पति ब्रिजलाल सेन , बम्हनी , जिला गरियाबंद 129. संतोष चन्द्राकर पिता/ पति भिखारी राम चंद्राकर , छाती , जिला धमतरी 130. जगदीश पिता/ पति हद्वीरमल , वार्ड न. -4 थानखम्हरिया , जिला बेमेतरा 131. जनक राम साहू पिता/ पति रामलाल साहू , गाँव तर्रा सुरसाबंधा राजिम गरियाबंद , जिला गरियाबंद 132. डुमन दास गिलहरे पिता/ पति तुलसी दास गिलहरे , गोबरा नवापारा , जिला गरियाबंद 133. लुकेश कुमार साहू पिता/ पति कृपचंद साहू , मौरिकला , जिला गरियाबंद 134. आशा अग्रवाल पिता/ पति अजय अग्रवाल , अग्रसेन चौक डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 135. कमलेश देशमुख पिता/ पति डी एल. देशमुख , बी. एस. वार्ड न.-19 डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 136. चेतन सिंह ठाकुर पिता/ पति केशव सिंह ठाकुर , डोंगरगढ़ , जिला राजनादगांव 137. जीवन राम राठोड पिता/ पति स्व. रणछोड़ राठोर , शंकरपुर -07 राजनादगांव , जिला राजनादगांव 138. नईम बख्श गाजी पिता/ पति स्व. हाजी डॉ.के बी.गाजी , गाजी मार्ग , गौरी नगर राजनादगांव , जिला राजनादगांव 139. गुणेश यादव पिता/ पति मुरारी यादव , दीवान पारा वार्ड न. 25 , जिला राजनादगांव 140. रमेश कुमार साहू पिता/ पति पदुम साहू , बेलटिकरी , सुरगी , जिला राजनादगांव 141. मुकुंद राम साहू पिता/ पति स्व. लतखोर साहू , बसंतपुर, जिला राजनादगांव 142. राजेंद्र कुमार साहू पिता/ पति रामचंद साहू , दुर्गा किराना स्टोर मंदी चौक, जिला कुरूद 143. बबिता देवांगन पिता/ पति अजय कुमार देवांगन , पचरी पारा, जिला धमतरी 144. एमन सिंह ठाकुर पिता/ पति स्व. थान सिंह ठाकुर , पी.वी .डी कॉलोनी बालोद , जिला बालोद 145. मोहित राम सोरी पिता/ पति कुंवर सिंह सोरी , कसही डौंडी लोहार , जिला बालोद 146. महेंद्र पिता/ पति कली राम साहू , कुर्दी अर्जुनदा बालोद , जिला बालोद 147. कितंन लाल उईके पिता/ पति स्व. बलदेव उईके , जेंवरतला अर्जुन्दा , जिला बालोद 148. सुनंदा सिन्हा पिता/ पति संतोष कुमार सिन्हा, ग्राम डाभा विकास खंड मगरलोड जिला धमतरी 149. टीकाराम मलहरे पिता/ पति राम प्रसाद मलहरे, खमरिया पोस्ट अर्जुनी जिला बलौदाबाजार 150. कृपाल साहू पिता/ पति बीरसिंग साहू, ग्राम गोबरा, पोस्ट चरमुड़िया जिला धमतरी, **बिलासपुर संस्करण -** 151 पकंज देव भारद्वाज, सेन्दरी बिलासपुर 152 गंगामती पटेल, दर्राभाठां, एन.टी.पी.सी. सीपत 153 सुरेश कुमार वर्मा, ग्रीन पार्क कॉलोनी रोहनी विहार 154 सौरभ गुप्ता, संजय नगर चांटीडीह बिलासपुर 155 रूद्र टंडन, पाठक किराना गली, विनोबा नगर बिलासपुर 156 रंग बहादुर, हेमू नगर तोरवा 157 विनोद कुमार कौशिक, म.नं. सी.-98 यदुनंदन नगर 158 वंश ओझा, कस्तुरबानगर सरकारी स्कूल के पास वाली गली 15 रानी दिपाली गंगोत्री, टिकरापारा दयालबंद 160 श्रीनिर्मल राव अम्बलकर, नूतन इंक्लेव कॉलोनी नूतन चौक 161 अप्पा राव मुले, विकासनगर 27 खोली 162 अकबर अली, अंजुम लेडिस टेलर्स भारत चौक मरी माई रोड तालापारा 163 योगेन्द्र शाडिल्य, एल.7 विनोबा नगर 164 दीपक पेशवानी, भगत कवंरराम नगर सिंधी कॉलोनी 165 कौशिल्या सिह, मंगल भवन भारतीय नगर व्यापार विहार रोड 166 ईश्वरी महंत, हरदीबाजार कोरबा 167 ममता कुमारी, सोमवारी बजार बांकी मोंगरा 168 हिरालाल मलहोत्रा, डी.89 बाल्कोनगर हाउसिंग बोर्ड 169 भाग्य श्री, सोमवारी बाज़ार बांकी मोंगरा 170 कुमारी रश्मि देवांगन, एनटीपीसी टाउनशिप कोरबा 171 विजय कुमार धनवार, खरहरी मड़वारानी कोरबा 172 प्रताप सिंह ठाकुर, न्यू शांतिनगर हाउसिंग बोर्ड बाल्को 173 नवल सिंह जगत, 135 गांव ग्रेकनई धौराभांठा कोरबा 174 नरेन्द्र सिंह ठाकुर, परसा भांठा वार्ड नं.41 बाल्को 175 उर्मिला देवांगन, बेलकछार बाल्को 176 ब्रजनाथ प्रसाद नामदेव, ब्रम्ह रोड त्रिपाठी क्लीनिक के पास, अंबिकापुर 177 श्रीमति रविना, वार्ड नं. 14 मानपुर सुरजपुर 178 रामध्यान सिंह, हर्ष किराना दुकान, अंबिकापुर 179 मो. सफि, नवागढ पावर हाउस कि पास 180 अजित कुमार राजवाड़े, नवागढ वार्ड नं. 42 अंबिकपुर 181 नरेशचन्द चन्द्रा, मकान नं. - 98 हाउसिंग बोर्ड नमनाकला अंबिकापुर 182 आबिद अली अंसारी, रसुलपुर अंबिकापुर 183 लव सोनी, जरहापार खरौद नगर 184 विधा कुमार तिवारी, भीमा तालाब के पास जांजगीर 185 शैलेष कुमार चंदेल, चोरभंठठी जांजगीर 186 प्रियंका सोनी, वार्ड 7 खरौद नगर 187 हिना अग्रवाल, कुबेरपारा, नैला 188 नंद किशोर देवांगन, देवांगन पारा चाम्पा 189 श्रीमति स्मिता राठौर, चितरपारा जांजगीर 190 देवेन्द्र कुमार यादव, नया बाराद्वार 191 बापी कुमार चक्रवार्ती, वेस्ट चिरमिरी 192 कु. गुलशन, चरचा कॉलरी 193 निलाम्बर प्रसाद पटेल, 26-2400 केलो विहार रायगढ़ 194 कुमारी सरिता चौहान, कोकड़ी तराई किरोड़ीमल रायगढ़ 195 टेकलाल चौहान, कोसमपाली 196 बलराम बरेठ, करही कॉलोनी मुंगेली 197 पंची कुलमित्र, गुरूद्वारा चौक लोरमी 198 नरेन्द्र कुमार, सिंगसरिया आजादनगर तखतपुर 199 गणेश यादव, बुधवारीपारा वार्ड नं.6 रतनपुर 200 रोशन पात्रे, वार्ड नं.8 बिल्हा, **भोपाल संस्करण -** 201. देवेन्द्र सिंह चौहान पिता कमल सिंह, राजीव नगर सेमराकलां, भोपाल 202. ज्ञानसिंह चोलकर पिता मुकंद राय चोलकर, एफ-29, अर्जुन नगर, भोपाल 203. सुनील जैन पिता मनोज जैन अशोकनगर 204. श्रीमती सुनीता साहु, शिव बिहारी कॉलोनी 205. हर्षित जैन पिता संजीव जैन, गुर्जर कॉलोनी, गुना, **जबलपुर संस्करण -** 206. सौरभ अग्रवाल, भुआ बिछिया मंडला 207. बुद्ध लाल, श्री रामलाल ठोडा भुआ बिछिया मंडला 208. दिव्यांश गर्ग, श्री दिलीप गर्ग भुआ बिछिया मंडला 209. अंशुल शुक्ला, श्री शिव कुमार शुक्ला मिश्रा मोहल्ला इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना 210. मोनाली श्रीवास्तव, श्री महेश कुमार श्रीवास्तव पोस्टऑफिस के पास छपारा जिला सिवनी, **रोहतक संस्करण -** 211. मुलख राज सुपुत्र श्री भगवानदास गांव आंवल फिलहाल न्यू राजेंद्र कौलोनी रोहतक 212. प्राची सुपुत्री विरेंद्र पुराना बस स्टैंड, भिवानी 213. संगीता पत्नी मनीष गांव बत्या, कनी, कोसली, रेवाड़ी 214. सुभाष पेंटर सुपुत्र सुजान सिंह बुडाना रोड, नारनौंद हिसार 215. राजेंद्र कुमार सुपुत्र श्री घनश्याम सिंह नई बस्ती, गली नं. 3, बहादुरगढ़, झज्जर 216. श्री गोपाल किराना स्टोर , माता गेट, चौक गेट ,विक्की 217. प्रशांत शर्मा सुपुत्र दीपक शर्मा जटवाड़ा मोहल्ला, लंबी गली, बहादुरगढ़, झज्जर 218. सुनिता पत्नी देव कुमार 2168 नेहरू कॉलोनी रोहतक 219. राजेंद्र मलिक सुपुत्र रामकिशन खाण्डा खेड़ी, हांसी हिसार 220. सुरेश चंद्र शर्मा सुपुत्र श्री राम शर्मा गांव व डा. चिठवाना रेवाड़ी 221. रामबिलास सैनी सुपुत्र श्री मोहर सिंह सैनी वार्ड नं.2ए सिनेमा रोड महेंद्रगढ़ 222. विक्की सुपुत्र बिरेंद्र सिंह गांव कनीना तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 223. अंजू पत्नी आलोक खेरवाल महेंद्रगढ़ 224. सत्यवान सुपुत्र एडवोकेट श्री कृष्ण यादव शंकर कॉलोनी, महेंद्रगढ़ 9, 225. राहुल सुपुत्र भगवान सिंह रहानिया कॉलानी, वार्ड नं. 15, चार मेमरियल पार्क झज्जर 226. नफे सुपुत्र मेहरसिंह गांव बामनौली, बहादुरगढ़, झज्जर 227. राजेंद्र सिंह सुपुत्र रामसिंह गांव पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर 228. नरेश कुमार सुपुत्र गोकल चंद गांव ढाणी राजू, हांसी, हिसार 229. रोहित सुपुत्र मनजीत पता खरक पुनिया वार्ड नं. 3, तहसील बरवाला जिला हिसार 230. पंकज सुपुत्र सतपाल सिंह 172/13 हनुमान कॉलोनी, रोहतक 231. परवीन सुपुत्र राधेश्याम 777/22 झंग कॉलोनी, रोहतक 232. सतबीर सुपुत्र करतार सिंह लक्ष्मी नगर, रोहतक रोड, जींद 233. रामस्वरूप सुपुत्र श्री लालू राम गांव बुढाना, नारनौंद, हिसार 234. प्रीतम कुमार सुपुत्र सरूप सिंह गांव व डा. साल्हावास, मातनहेल, झज्जर 235. सोनू सुपुत्र रामावतार विजय नगर, रोहतक 236. भतेरी देवी पत्नी धर्मवीर सिंह सांगवान, टी प्वाइंट, गली नं.9, रामगोपाल कॉलोनी, रोहतक 237. वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर गांव व डा. सुबाना झज्जर 238. हरीराम अग्रवाल सुपुत्र रामेश्वर दयाल पता मुसेपुर, रेवाड़ी 239. इन्द्रजीत सुपुत्र मोहन लाल गांव गुढ़ा तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 240. सतीश कुमार सुपुत्र प. उमराव गांव पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर 241. श्री सचिन सुपुत्र श्री कर्मबीर, वार्ड नं. 3, गांव तिगड़ाना, भिवानी 242. श्री शेर सिंह सुपुत्र श्री स्व. श्री रामस्वरूप, गांव हुसैनपुर, बी.वी. आश्रम, रेवाड़ी 243. श्री प्रेम कुमार सुपुत्र श्री हरीकिशन, बवानी खेड़ा, वार्ड नं. 14, तह. बवानी खेड़ा, भिवानी 244. श्री ईश्वर सिंह चोपड़ा सुपुत्र श्री चंद्र सिंह चोपड़ा गली नं. 6, लाजपत नगर, खरकड़ी फाटक, भिवानी 245. श्रीमती सारिका यादव, धर्मपत्नी श्री सत्यजीत, गांव नहाड, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 246. श्रीमति संजू कुमारी पत्नी श्री विजय कुमार, गांव व डा. कादमा, तह. बाढ़डा, भिवानी 247. श्री करतार सिंह सुपुत्र श्री निहाल सिंह, प्रेम नगर, भिवानी 248. श्री महाबीर सिंह सुपुत्र श्री बलसिंह, म.नं. 605/25, आर्य नगर, सोनीपत 249. श्री विष्णुदेव आर्य सुपुत्र श्री पोकर दास, म.नं. 537/9, नियर आर्य गर्ल्स स्कूल, सुदामा नगर, सोनीपत 250. श्री महासिंह सुपुत्र श्री जीत राम, म.नं. 1106, गली नं. 1, मालवीय नगर, सोनीपत 251. श्री सत्यजीत सुपुत्र श्री सत्यवीर, गांव नहाड, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 252. श्री मानसिंह एक्स. सरपंच सुपुत्र श्री कर्ण सिंह, गांव व पो. नगंली गोधा, तह. मनेठी, रेवाड़ी 253. श्री यश सुपुत्र श्री राजेश्वर, गांव सिसवाल, तह. आदमपुर, हिसार 254. श्री रजनीश कुमार सुपुत्र श्री महावीर प्रसाद मुदगिल, गली नं. 2, कैलाश नगर, रेवाड़ी रोड, तह. नारनौल, महेन्द्रगढ़ 255. श्रीमती इंद्रावती पत्नी श्री रघबीर, गांव, बल्ला, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़ 256. श्री ओम सिंह सैनी सुपुत्र श्री ज्ञानीराम सैनी, सैनी टी स्टाल मुगलपुरा सब्जी मंडी, तह. गोहाना, सोनीपत 257. श्री अनिल सिंगला सुपुत्र श्री देवीराम, म.नं. 945/30, विकास नगर, ककरोई रोड, सोनीपत 258. श्री सचिन सुपुत्र श्री अनिल कुमार, 751/13, बसंत टेलीविजन वाली गली, गांव सोनीपत 259. श्री कृष्ण चन्द सुपुत्र धारा सिंह, केकर हेयर ड्रैसर, नियर बस स्टैंड, उकलाना, हिसार 260. श्री सत्यवीर सिंह सुपुत्र श्री नत्थु राम यादव गांव सुधरना, तह. कोसली, रेवाड़ी।

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240